वार्षिक पत्रिका

2023-24

# सिराज शिखा



राजकीय उत्कृष्ट
महाविद्यालय बंजार, कुल्लू
(हि.प्र.)

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा 'बी' मूल्यांकित संस्थान

# Faculty of Govt. College Banjar



(Left to Right)
Standing : Sh. Tikkam (History), Dr. Anil (Maths.),Sh. Vikas Negi (Maths.), Sh. Atul Chaudhary (Phy.), Dr. Hemlata (Skt.), Miss Lata (Hindi), Dr. Sharwan Kumar (Eco.), Sh. Prabhat (Asstt. Librarian),Sh. Surender (Pol. Science), Dr. Vikas Kumar (Music)
Sitting : Dr. Pravesh (Phy. Edu.), Dr. Leena Vaidya (Eng.), Dr. Renuka Thapliyal ( Principal ; Geo.), Dr. Yog Raj (Pub. Adm.), Sh. Deepak K. Singh (Geo.), Dr. Dabe Ram (Comm.) Sh. Anshul (Music),

# अनुक्रम


| क्रं.सं. | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 01. | संदेश (डॉ. अमरजीत के. शर्मा, निदेशक, उच्चतर शिक्षा) | 03 |
| 02. | संदेश (डॉ. रेणुका थपलियाल, प्राचार्या) | 04 |
| 03. | सम्पादकीय (डॉ. लीना वैद्य, मुख्य संपादक) | 05 |
| 04. | वार्षिक गतिविधियां | 06–24 |
| 05. | द प्राइड ऑफ अवर कॉलेज | 25 |
| 06. | द अवार्ड विनर्ज़ | 26–27 |
| 07. | संपादक मण्डल (छात्र) | 28 |
| 08. | विविध, कविताएं, आलेख, लोक–कथाएं, कहानियां | 30–50 |
| 09. | बणज्यरा रौ साहूकार | 51 |


## राष्ट्रीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में 18 से 22 दिसंबर तक चलेगा एनएसएस का राज्य स्तरीय मैगा शिविर



सवेरा न्यूज/करतार

कुल्लू, 19 दिसंबर : राष्ट्रीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में आज 18 से 22 दिसंबर तक चलने वाले राज्यस्तरीय पांच-दिवसीय एनएसएस मैगा शिविर का दूसरा दिन 'सोशल हारमनी' थीम पर रखा गया, जिसकी दिनचर्या में प्राणायाम, प्रभात फेरी (महाविद्यालय से बालासुन्दरी मंदिर तक) ड्रिल्ल के पश्चात 'समाजिक जगरूकता अभियान' के लिए सभी स्वयंसवी 5 किलोमीटर महाविद्यालय से शृंगऋ षि मंदिर होते हुए चैहणी कोठी तक तथा चैहणी कोठी से 5 किलोमीटर महाविद्यालय तक पैदल आये। आज शुभम द्विवेदी (आरबीआई अधिकारी शिमला) मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की ओर से सूरज मणि (वलभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी )और कर्म चंद (राजकीय महाविद्यालय निहिरी ) एन एस एस अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय एन एस एस इकाई द्वारा समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी समारोह के बीच में मंच संचालक डा. लीना वैद्या ने किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि शुभम द्विवेदी ने वित्तीय साक्षरता में स्वयंसेवियों को हैबिट ऑफ सेविंग, असली और नकली नोटों में अंतर कैसे पहचानें, नेट बैंकिंग फ्रॉड जैसे मुद्दों पर इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन किया। दोपहर भोजन के बाद विभिन्न समूहों द्वारा इंटेरेक्शन ऑन द बेसिस ऑफ एरिया स्वच्छता अभियान, ड्रिल करवाई गयी तथा 'एजुकेशन एंड युथ' पर चर्चा की गयी। रात के भोजन के बाद सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि दुष्यंत ठाकुर रहे।

**Statement about ownership and other particulars of *Siraj Shikha* Required under rule-8 of press and registration of Books Act.**
**Form -(IV)**
**(see Rule-8)**


| | | |
|---|---|---|
| Place of publication | : | Banjar |
| Periodicity of its publication | : | Annual |
| Owner's Name | : | Dr. Renuka Thapliyal |
| Address | : | Principal Govt. College, Banjar<br>Distt. Kullu (H.P.) |
| Name of Printing press. | : | Himtaru Prakashan Samiti, Kullu, H.P. |
| Nationality | : | Indian |
| Address | : | Near Main Post-Office, Dhalpur, Kullu. |
| Chief Editor's Name | : | Dr. Leena Vaidya<br>(Assistant Prof. English) |
| Nationality. | : | Indian |
| Address | : | Govt. College, Banjar<br>Distt Kullu, H.P. |

I, Dr. Renuka Thapliyal hereby declare that particulars given above are true and correct to best of my knowledge and belief.

Sd/-

Dr. Renuka Thapliyal
Principal Govt.College Banjar,
Distt Kullu, Himachal Pradesh.


The views expressed by the writers are their own and the Editorial Board does not necessarily agree to them.

**Editor-in-Chief**


Cover Design Credits : Dr. Leena Vaidya (Assit. Prof.)
Picture Credit : Khemraj
Back Cover : Shaurya Sharma, B.Sc-III Year

*Dr. Amarjeet K. Sharma*
*Director (Higher Education)*

Directorate of Higher Education
Himachal Pradesh
Shimla - 171001
Tel. : 0177-2656621 Fax : 0177-2811347
E-mail : dhe-sml-hp@gov.in



## MESSAGE

It is a matter of immense delight for me to know that your college is going to publish the college magazine .

College magazine is a very useful medium for young minds to express their bristling ideas and thoughts. It gives a chance to students, the budding writers, to get the attention of others through their creative and contemporary writings. It is an essential ingredient of college regular activities and documentation of such events. The true purpose of higher education is to open the horizons for the curious young minds and to refine and polish them in such a way that they become responsible citizens of our country.

I wish your college a great future and grand success to the college magazine. I also congratulate the Editor(s) of the magazine and wish everyone all the best in their ventures.

Jai Hind.

(Dr. Amarjeet K. Sharma)

# From Principal's Desk



Dear Students,

I welcome you all to Government Utkrisht Mahavidyalaya Banjar that has been constantly progressing and striving to provide quality education to the students of the Seraj region. The College envisions an equitable society that contributes towards the progress of the nation and aims at the intellectual and skill development of students and, the inculcation of strong human values in them to achieve their goals. Besides having a dedicated staff to support and mentor the students, the college also provides opportunities to students to exhibit their creativity through various co-curricular activities and their writing skills through our annual college magazine, *Siraj Shikha* that further enhances and grooms their personalities.

Seraj Shikha is a platform, which brings out the potential writing skills of students and strengthens their self-confidence. It has always allowed the budding talents to portray their thoughts, views and ideas about various issues and their unique cultures and traditions. I feel extremely honoured to reach out to you through this desk with a feeling of accomplishment. I compliment the entire editorial team and all the teachers for encouraging and persuading students to exhibit their writing skills. I also admire students for their overwhelming response by contributing quality articles to the magazine.

In the end, I would like to congratulate the students whose articles are published in the magazine and simultaneously encourage all the students to develop their writing skills during their stay in college. Remember that :

"The best books haven't been written, the best race hasn't been run, the best score hasn't been made yet, the best song hasn't been sung; Cheer up for the world is young!"

Berton Braley

My best wishes to all for your future endeavours.

**Dr Renuka Thapliyal**
**Principal**

# Editorial Board



Left to right : Sh. Vikas Negi (Science), Dr Leena Vaidya (Editor-in-Chief; Eng.), Dr Hemlata (Skt.), Dr Renuka Thapliyal (Principal), Miss Lata (Hindi), Dr Dabe Ram (Comm.), Sh. Tikkam (Pahari)

## Editorial

"Start writing, no matter what. The water does not flow until the faucet is turned on."

Louis L' Amour

Writing is one of the most effective forms of self-expression that assists in articulating and unleashing a person's creative instincts. *Siraj Shikha* operates as a multilingual platform that enables young students to demonstrate their imaginative thinking and writing skills through various literary forms such as poems, articles, and short stories.The budding authors of the college have initiated a dialogue that is sure to stir the minds of those who have not yet turned on their creative faucets. Under the guidance and initiative of Prof. Ishan Marvel, the second-year English Major students have skilfully adapted The *Merchant of Venice* into the local language and milieu of Banjar, producing commendable results that are sure to captivate and inspire readers. I compliment the entire team for this achievement.

The tedious task of editing this magazine was made possible by the sincere support of Dr Hemlata, Dr Dabe Ram, Sh. Vikas Negi, Sh. Tikkam, Km. Lata, Sh. Ishan Marvel (Editorial Board) and Dr Vikas Kumar. The invaluable inputs of the editorial board to improve the quality and presentation of the magazine and the hard work put in by a team of motivated student editors and writers have played a crucial role in envisioning the layout of *SirajShikha*. The magazine espouses the institutional spirit based on collective efforts, thoughts and aspirations of students and staff members.

I sincerely thank Dr RenukaThapliyal (Principal) for her constant support during the planning and publication of *Siraj Shikha.*

Happy Reading!

**Dr Leena Vaidya**
**Editor-in-Chief**

# वार्षिक–गतिविधियां

**सत्र : 2023–2024**

**19 मई** 1999 में महाविद्यालय के प्रारम्भ में यहाँ मात्र 5 प्राध्यापक तथा 84 विद्यार्थी थे। आज विद्यार्थियों की संख्या 839 पंहुच गई है। शैक्षणिक कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए 18 प्राध्यापक तथा 08 गैर शिक्षक कर्मचारी कार्यरत हैं। इस शिक्षण संस्थान में कला संकाय भवन, जिसमें विभिन्न प्रयोगषालाएँ, एक सेमिनार हॉल, परीक्षा हॉल, आई॰ टी॰ प्रयोगशाला और पुस्तकालय हैं। उच्च शिक्षा की गुणवता को बनाए रखने के लिए आन्तरिक गुणवता आश्वासन सेल (IQAC) का गठन भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा–निर्देशों के तहत किया गया है। महाविद्यालय का आन्तरिक गुणवता आश्वासन सेल (IQAC) हर वर्ष महाविद्यालय की वार्षिक गुणवता आश्वासन प्रतिवेदन (AQAR) राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रमाणन परिषद् (NAAC) को भेजती है। इस प्रतिवेदन के आधार पर हर पांच वर्ष के पश्चात् महाविद्यालय का मूल्यांकन NAAC द्वारा किया जाता है। इसी मूल्यांकन के आधार पर अक्तूबर 20 से 22, 2016 में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रमाणन परिषद् (NAAC) द्वारा महाविद्यालय को बी' ग्रेड प्रदान किया गया है। सत्र 2022–23 में (IQAC) डॉ. रमेश कुमार Co-Ordinator और श्री अतुल चौधरी ने Co-Coordinator के पद पर महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय में शिक्षा के साथ–साथ खेल–कूद, राष्ट्रीय सेवा योजना(NSS), राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) थल स्कन्ध, रोवर्स–रैंज़र और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को भी समान महत्त्व दिया जाता है।

वर्तमान में महाविद्यालय में कुल 24 पदों में से 18 पद पर शिक्षक कार्यरत हैं तथा 06 पद रिक्त हैं। इसी प्रकार गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग के कुल पदों में से 08 पद पर कर्मचारी नियुक्त हैं तथा 08 पद रिक्त हैं।

## छात्रवृतियाँ

सत्र 2023–24 में श्री अतुल चौधरी समन्वयक के पद पर रहे और अलग–अलग योजनाओं के द्वारा विभिन्न वर्ग के विद्यार्थियों को 33 छात्रवृतियाँ प्रदान की गई जिसमें 4 छात्र तथा 29 छात्राएं शामिल है।

## विकासात्मक कार्य

आधुनिक युग सूचना एवं प्रौद्योगिकी का युग है जिसके परिणामस्वरुप शिक्षा का स्वरुप भी बदल रहा है। इसलिए उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना तथा रुसा–II अनुदान के तहत महाविद्यालय मे सूचना एवं प्रोधौगिकी (Information and Technology) सेक्टर के विस्तारीकरण पर अधिक बल दिया गया है। महाविद्यालय की वेबसाईट विकसित की गई है जिसमें विद्यार्थियों तथा अन्य हितधारकों को जानकारी प्रदान करने के लिए दैनिक गतिविधियों से सम्बन्धित सूचना का अभिभारण (Upload) किया जाता है।

महोदय जी महाविद्यालय में प्रवेश से लेकर कार्यालय का कार्य ऑनलाईन प्रबन्धन प्रणाली (Online Management System) के द्वारा किया जाता है जिससे सभी विद्यार्थी इस सुविधा से लाभान्वित हो रहे है तथा वितीय रिपोर्ट भी स्वचलित रुप से उत्पन्न होती है।

### *They Made us Proud!*



महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्र शौर्य शर्मा ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में बी.एस.सी. तृतीय वर्ष में राज्य में प्रथम स्थान हासिल कर सबको गौरवान्वित किया व महाविद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि का कारण बना।

महाविद्यालय का राज्य स्तरीय एन.एस.एस. मैगा कैम्प 2023 के लिए चयनित होना एक विशेष उपलब्धि रही।

महाविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग के पांच छात्रों; अक्षिता, यमुना, राधिका, क्षितिज, रोहण प्रकाश की हिमतरु पत्रिका के 'कुल्लू साहित्य उत्सव विशेषांक' में टिप्पणी प्रकाशित हुई।

विद्यार्थियों के संचार कौशल विकसित करने हेतु भाषा प्रयोगशाला (Language Lab) और भूगोल विषय में भौगोलिक सूचना प्रणाली से संबधित GIS Lab स्थापित हो चुकी है। महाविद्यालय में खेल अवसंरचना (Sports Infrastructure) का कार्य संपूर्ण हो चुका है।

सत्र 2023–24 में सुरक्षा नियमों को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय भवन व परिसर में 12 C.C. TV Cameras स्थापित किए गए।

**पुस्तकालय**

एक अच्छी पुस्तक सर्वोतम मित्र होती है। पुस्तकालय हमें सिखाता है कि पढ़ना इसलिए आवश्यक नहीं है कि हमें किसी का विरोध करना हैं या किसी को गलत सिद्ध करना है, बल्कि प्रत्येक बात को तोलने एवं उस पर विचार करने के लिए अध्ययन आवश्यक है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए महाविद्यालय के पुस्तकालय में छात्र एवं छात्राएं लगभग 7053 पुस्तकों का संग्रह है। जिनमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता से संबधित पुस्तकें उपलब्ध है। इसके अलावा पांच दैनिक समाचार पत्र 'द ट्रिब्यून', 'द इंडियन एक्सप्रैस, पंजाब केसरी, अमर उजाला, दिव्य हिमाचल उपलब्ध हैं। इसके साथ विभिन्न पत्रिकाओं में 'साहित्य अमृत, मीरायन, योजना तथा अखण्ड ज्योति शामिल है। पुस्तकालय में पुस्तकों की 'डिजिटल कैटालॉगिंग' कर दी गई है। पुस्तकालय को "INFLIBNET N-LIST" की सदस्यता उपलब्ध करवा दी गई है जिसका लाभ प्राध्यापक शोध कार्य के लिए कर सकते हैं। पुस्तकालय 10 से 5 बजे तक छात्र–छात्राओं के लिए खुला रहता है।


## सूचना प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला

महाविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। श्री रामा नन्द के कुशल नेतृत्व में इस समय 20 कम्प्यूटर एक डिजीटल पोडियम तथा प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध हैं। अध्यापन कार्य रूचिपूर्ण बनाने एवं नई तकनीक से जोड़ने हेतु शैक्षणिक सत्र 2023–24 में तीनों संकाय की कक्षाएं समय–समय पर इस प्रयोगशाला में लगायी जाती हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम एवं ऑनलाइन परीक्षा एवं छात्रवृति फॉर्म भरने की सुविधा प्रयोगशाला में उपलब्ध करवाई गई है।




## महाविद्यालय पत्रिका


प्रौद्योगिकी के इस दौर में छात्रों की मौलिक लेखन प्रतिभा तथा वैचारिक चिंतन को अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से संस्थान की पत्रिका 'सिराज शिखा' प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है। जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर विचार एवं भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर प्राप्त होता है।










**अध्यापक–अभिभावक संघ**

संस्थान के विभिन्न विकासात्मक कार्यों, छात्रों, अभिभावकों और महाविद्यालय प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के नियमानुसार अध्यापक–अभिभावक संघ का गठन किया गया। इस वर्ष संस्थान के प्राचार्य डॉ. जोगिन्द्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में सत्र 2023–24 के लिए अध्यापक अभिभावक संघ के लिए प्रधान श्री भूपेन्द्र नेगी, उप प्रधान श्री सत्य देव, सचिव डॉ. डाबे राम, सह सचिव श्री टिक्कम राम तथा मुख्य सलाहकार श्री शेर सिंह को चुना गया।

**पूर्व छात्र संघ**

2018–19 में प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में पूर्व छात्र संघ का गठन सर्वसम्मति से 14 जुलाई 2018 को किया गया था। 10 अगस्त 2023 को पूर्व छात्र संघ ने नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी इस प्रकार है–

–अध्यक्ष – राकेश ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष– किशोरी लाल, उपाध्यक्ष–योगेश्वरी, सचिव–टिक्कम राम, संयुक्त सचिव–नूतन सिंह, कोशाध्यक्ष–डॉ. कुलदीप सिंह, लेखा परीक्षक(शिक्षक)–डॉ. डाबे राम, लेखा परीक्षक (छात्र)–सतीश कुमार

**शिक्षक सदस्य**

– श्री दीपक कुमार सिंह, डॉ. लीना वैद्या, डॉ. विकास कुमार, श्री रामानन्द

**छात्र सदस्य**

–अशोक कुमार, डैविड काईस्था, चोबे राम, सोनी कुमार, ज्योतिरादित्य सिंह ठाकुर





## इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय


**महाविद्यालय** में सभी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए तथा विशेषकर नियमित अध्ययन से वंचित विद्यार्थियों के विकास के लिए इन्दिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय का केन्द्र सन् 2008 में अस्तित्व में आया। डॉ. रेणुका थपलियाल समन्वयक और सह समन्वयक डॉ. योगराज के कुशल नेतृत्व में इस अध्ययन केन्द्र में 535 विद्यार्थी पंजीकृत है। इस समय यहां कला, वाणिज्य, पर्यटन तथा लाईब्रेरी सांईस आदि क्षत्रों में सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक तथा स्नातकोतर पाठ्यक्रम है। महाविद्यालय की वैबसाईट पर इग्नू के लिए एक अतिरिक्त पोर्टल बनाया गया है जिसमें इग्नू के कार्यों से संबधित क जानकारी समयानुसार उपलब्ध करवाई जाती है। वर्श 2023 में ईग्नू के 37वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में महाविद्यालय के अध्ययन संस्थान को उत्कृष्ट कार्य (Most Vibrant centre Award) के लिए सम्मानित किया गया।



बंजार : अध्ययन केंद्र के सभी सदस्यों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य।

**इग्नू अध्ययन केंद्र बंजार को बैस्ट स्टडी सैंटर पुरस्कार**







# प्राध्यापकों की शैक्षणिक उपलब्धियाँ

**महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक जहाँ विद्यार्थियों के प्रति निष्ठावान है, वहीं ज्ञानार्जन एवं शोध कार्यों में भी लीन हैं। संस्थान के प्राध्यापकों की शैक्षणिक उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार है:–**

**महाविद्यालय** के सभी प्राध्यापक जहाँ विद्यार्थियों के प्रति निष्ठावान हैं, वहीं ज्ञानार्जन एवं शोध कार्यों में भी लीन हैं। संस्थान के प्राध्यापकों की शैक्षणिक उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार है :

**–डॉ. रेनुका थपलियाल** (भूगोल विभाग) ने 29 मई से 4 जून 2023 तक राष्ट्रीय षिक्षा नीति : 2020 पर आभासी माध्यम से साप्ताहिक संकाय विकास कार्यक्रम पूर्ण किया।

16 नवम्बर 2023 को राजकीय स्नात्कोतर महाविद्यालय बिलासपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Do We Need to Go Back to Villages" पर पत्र प्रस्तुत किया।

अक्टूबर 2023 को डीएस कॉलेज अलीगढ़ और जेजेटी यूनिवर्सिटी राजस्थान द्वारा जलवायु परिवर्तन पर नेट ज़ीरो हासिल करने के लिए प्रभावी और अभिनव समाधान पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में "Sustainable Devolopment the Only Answer to Miltigate the Impact of Climate Change" पर पत्र प्रस्तुत किया।

28 अक्टूबर 2023 को रीजनल सेंटर ऑफ एच.पी.यू. धर्मशाला द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "Impact On the Tribal Echology and Economy of Kinnour District of Himachal Pradesh After Development of Hydro Power Projects" नामक विशय पर पत्र प्रस्तुत किया।

03 दिसम्बर 2023 को रवीन्द्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Role of Eco Tourism in Enviornment Conservation in Himachal Pradesh" विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

12 दिसम्बर 2023 को राजकीय महाविद्यालय दारलाघाट में आयोजित अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी में "Waste Generation and Management in Urban Arias of District Kullu" विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

29 दिसम्बर 2023 को SCVB राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी में "Promoting Climate Literacy and Education" विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

**– डॉ. प्रवेश शर्मा**, ने दिसम्बर 2023 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Impact of Social networking on players Laws and Prevrentions" नामक विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

फरवरी 2024 में राजकीय स्नात्कोतर महाविद्यालय पंचकुला द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "A Study of Physical Fitness and Mental Health among University Levels Handball Players" नामक विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

सत्र 2023–24 में डॉ. प्रवेश शर्मा ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय व अन्तर विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न समितियों में समन्वयक, सदस्य, चयनकर्ता और प्रबंधक के रुप में अपनी सेवाएं दी।

**–डॉ. योगराज** (लोक प्रशासन विभाग) ने 29 मई से 4 जून 2023 तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति : 2020 पर आभासी माध्यम से साप्ताहिक संकाय विकास कार्यक्रम पूर्ण किया।

7 अगस्त से 12 अगस्त 2023 तक Govt. college of Teacher Education Dharmshala से एक सप्ताह का "In service Teacher Training Programme (Capacity Building) पूर्ण किया।

16 नवम्बर 2023 को राजकीय स्नात्कोतर महाविद्यालय बिलासपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Importance of Ethics and Morality in our lives" पर पत्र प्रस्तुत किया।

22 नवम्बर 2023 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मैमोरियल कॉलेज हमीरपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "The Profound effects of Science on Society" विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

02 अक्टूबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय पांगी में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "Impact of Government Policies and Programmes on Tribal Communities पद Himachal Pradesh" पर पत्र प्रस्तुत किया।

28 अक्टूबर 2023 को रीजनल सेंटर ऑफ एच.पी.यू. धर्मशाला द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "The Cruial Role of Women in Tribal Society in Himachal Pradesh: A Piller of Resielence and Tradition" नामक विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

Internation Education and Research Journals, An International Open access Journal esa "Role of Morality and Ethics in Shaping Lives" पत्र प्रकाशित किया।

03 दिसम्बर 2023 को रवीन्द्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Indigenous Knoweldge and Biodiversity" विषय पर पत्र प्रस्तुत किया। 12 दिसम्बर 2023 को राजकीय महाविद्यालय दारलाघाट में आयोजित अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी में "Understanding Various Aspects of Resettlement and Rehabilitation in the Context of Development Induced Displacement" विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

29 दिसम्बर 2023 को SCVB राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी में "Promoting Climate Literacy and Education" विषय पर पत्र प्रस्तुत किया। 19 जनवरी 2024 को चितकारा विश्वविद्यालय चंडीगढ़ द्वारा "Future of Learning" विषय पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।

**–डॉ. लीना वैद्या** (अंग्रेज़ी विभाग) ने "Invisible in a Body: Personhood and Selfhood in Life Naratives of Hijras" नामक विशय पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से विद्या–वाचस्पति की उपाधि प्राप्त की।

SCERT सोलन में 25 मई 2023 को स्त्रोत वक्ता के रुप में "In service Training Programme in English For School Teachers" के लिए "Litrary Texts Usage to Teach Reading Comprehension" विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

7 अगस्त से 12 अगस्त 2023 तक Govt. college of Teacher Education Dharmshala से एक सप्ताह का "In service Teacher Training Programme (Capacity Building) पूर्ण किया।

15–16 मार्च 2024 को ETF हिमाचल प्रदेष व राजकीय महाविद्यालय करसोग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Unraveling Truths Through Memory: Life Naratives of Hijras in the Kullu and Mandi Districts of Himachal Pradesh"

विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

Coursera के माध्यम से University of Colorado Is "Queering identities: LGBTQ+Sexuality and Gender identity", मे ऑनलाईन सर्टिफिकेट कोर्स किया।

– **श्री दीपक कुमार सिंह** ने रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय FDP on NEP (National Education Policy) 2020 में भाग लिया और पूर्ण किया।

16 नवम्बर 2023 को राजकीय स्नात्कोतर महाविद्यालय बिलासपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Importance of Educational Institutions in Enviornment Conservation with Special Reference to Government Institutions of Banjar (H.P) पर पत्र प्रस्तुत किया।

02 अक्टूबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय पांगी में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "Sustainable Enviornmental Practices of Tribal Society and Challenges-2021" पर पत्र प्रस्तुत किया।

28 अक्टूबर 2023 को रीजनल सेंटर ऑफ एच.पी.यू. धर्मशाला द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "The Cruial Role of Women in Tribal Society in Himachal Pradesh: A Piller of Resielence and Tradition" नामक विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

"Importance of Higher Educational Institutions in Addressing Environmental Challenges in District Kullu of Himachal Pradesh" विषय पर Internation Journal of Science and Engineering Development Research, An International Open Access Journal में पत्र प्रकाशित किया।

–**डॉ. दुनी चन्द** (राजनीति शास्त्र विभाग) ने 25 नवम्बर से 9 दिसम्बर 2023 तक रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय से दो सप्ताह का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (Refresher Course) पूर्ण किया।

अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षण अध्ययन संस्थान, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विषय के स्नातकोतर कार्यक्रम के लिए ''एनवायरमैंट एण्ड पोलिटिक्स'' विषय पर पुस्तक लिखी।

28 अक्टूबर 2023 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय रीजनल सेंटर, धर्मशाला द्वारा आयोजित ''हिस्ट्री एंड कल्चर ऑफ हिमालयन ट्राइबब्स : स्टेट्स एंड कोमियूनिटि'' विषय पर आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय हाइब्रिड कॉन्फ्रैंस में ''द कन्स्ट्रक्शन ऑफ आइडिन्टी ऑफ लाहौला ट्राइबल कोम्यूनीटि एंड इट्स ट्रान्सफोरमेशन ओवर द ईयरस'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

– **श्री अतुल चौधरी** (भौतिक विज्ञान) ने वर्ष 2023–24 में अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिका "Nuclear Physics", में "The Study of Angular Momentum on the fusion of Si+Si using SEDF in semi classical extended Thomas fermi approach" पत्र प्रकाशित किया।

– **श्री रामानन्द** (समाजषास्त्र विभाग) ने 29 मई से 4 जून 2023 तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति : 2020 पर आभासी माध्यम से साप्ताहिक संकाय विकास कार्यक्रम पूर्ण किया।

23 व 24 फरवरी 2024 को संगीत व वाणिज्य विभाग एवं प्रतिभा सपंदन समाज, शिमला द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंच परमहंस योगानन्द अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन जिसका विषयः ''समकालीन विश्व में आध्यात्म एवं विज्ञान'' में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

–**डॉ. डाबे राम** (वाणिज्य विभाग) ने रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय से 4 सप्ताह का पुनश्चर्या कार्यक्रम (Refresher Programme) पूर्ण किया।

–**डॉ. हेमलता** (संस्कृत विभाग) ने 6 से 20 जून 2023 तक रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय से दो सप्ताह का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (Refresher Course) पूर्ण किया।

–**डॉ. विकास कुमार** (संगीत विभाग) ने 23 व 24 फरवरी 2024 को संगीत व वाणिज्य विभाग एवं प्रतिभा सपंदन समाज, शिमला द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंच परमहंस योगानन्द अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ''शांद महायज्ञ में प्रयुक्त लोक तालों का वर्णन'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

–**श्री टिक्कम राम** ने एम.एम.टी.टी.सी. व एच.पी.यू. शिमला द्वारा आयोजित यू.जी.सी. के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 8 दिवसीय एन.ई.पी. 2020 ओरियेन्टेशन और संवेदिकरण कार्यक्रम में भाग लिया व पूर्ण किया।

–**श्री ईशान मार्वल**, अंग्रेज़ी विभाग 'The Sensus', a short story published in Nether Quarterly(2.6) and anthologized in the book HATU(published by HP Academy of arts culture and languages) in 2023.

He took part in panel discussion on 'tribal identity and authorship', and acted as a moderator for a literary discussion with author Yashika Singla on her book 'My Subconciously Faminist Father'.

Featured poet at 'Chukshim' Tribal Literature-cum-Excursion Festival held in Kalpa Kinnour from 22nd to 24th October 2023.

Cleard HP Departmental Exam held in November 2023.

– **डॉ. श्रवण कुमार** (अर्थशास्त्र विभाग) ने रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय से 4 सप्ताह का पुनश्चर्या कार्यक्रम (Refresher Programme) पूर्ण किया।

28 मई से 4 जून तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति : 2020 पर आभासी माध्यम से साप्ताहिक संकाय विकास कार्यक्रम पूर्ण किया।

22 से 28 नवम्बर 2023 तक ब्रह्मी लिपि पर अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।

23 व 24 फरवरी 2024 को संगीत व वाणिज्य विभाग एवं प्रतिभा सपंदन समाज, शिमला द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंच परमहंस योगानन्द अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन जिसका विषय : ''बौद्ध आर्य अष्टांगिक मार्ग का समाजिक आर्थिक महत्त्व'' में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

एन.एस.एस. राज्य अधिकारी व एन.एस.एस. विश्वविद्यालय समन्वयक द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार डॉ. श्रवन कुमार 9 सितम्बर 2023 से एन.एस.एस. नोडल अधिकारी जिला कुल्लू व लाहौल स्पीति का कार्यभार संभाल रहे है।

18 से 22 दिसम्बर 2023 तक आयोजित एन.एस.एस. राज्य स्तरीय मैगा शिविर में शिविर समन्वयक व आयोजन सचिव रहे।

– **डॉ. अनिल कुमार** (गणित विभाग) ने "A Study of Prey-Predator Population Models with Application in Eco-Epidemiology" नामक विषय पर आई.आई.टी. मण्डी

से विद्या–वाचस्पति की उपाधि प्राप्त की।

**–कुमारी लता देवी** ने 25 सितम्बर 2023 से 30 सितम्बर 2023 तक Govt. college of Teacher Education Dharmshala से एक सप्ताह का "In service Teacher Training Programme (Capacity Building) पूर्ण किया।

**–श्री अंशुल** ने 31 जुलाई 2023 से 05 अगस्त 2023 तक Govt. college of Teacher Education Dharmshala से एक सप्ताह का "In service Teacher Training Programme (Capacity Building) पूर्ण किया।

## पर्यावरण संरक्षण व आपदा प्रबंधन







06 नवम्बर 2023 को राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में भूगोल विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उदेश्य मानवता के लिए पर्यावरण को बचाना था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दीपक कुमार शर्मा रहे। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण, पोस्टर मेकिंग, एकल गायन और लोक नृत्य जैसे रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

## एन.सी.सी.









2020–21 में 39 कैडेट्स की ईकाई को स्वीकृति मिली। वर्तमान में 16 कैडेट्स का नामांकन हुआ है, जिसमें 08 छात्र एवं 08 छात्राएं सम्मिलित हैं। एन.सी.सी. अधिकारी प्रो0 टिक्कम राम के नेतृत्व में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया।

–30 सितम्बर 2023 को “Clean India, Lean India 2023” कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विचारोतेजक नुक्कड़ नाटक व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



– 27 नवम्बर 2023 को महाविद्यालय की एन.सी.सी. यूनिट 10 दिवसीय ट्रेनिंग कैंप के लिए 239 ट्रांजिट कैंप पंडोह के लिए रवाना हुई। इस शिविर में कुल 20 कैडेट्स ने भाग लिया, जिनमें अंतिम और दूसरे वर्ष के बैच के 13 सिनियर डिविजन और 7 सिनियर विंग कैडिट्स













शामिल थे। यहां आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अंडर ऑफिसर दीपाली और कृष्णा और कैडिट बलवीर ने विभिन्न पुरस्कार जीत कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

– जनवरी 2024 में 8 कैडैट्स ने 'सी' सर्टिफिकेट परीक्षा में भाग लिया तथा जनवरी 2024 में 12 कैडैट्स ने 'बी' सर्टिफिकेट परीक्षा में भाग लिया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.)

**महाविद्यालय** में डॉ. श्रवण कुमार के दिशा–निर्देश में राष्ट्रीय सेवा योजना की पूर्ण ईकाई कार्य कर रही है। इस का उद्देश्य छात्र वर्ग में सामुदायिक सेवा की भावना उत्पन्न कर उन के बहु–आयामी व्यक्तित्व का विकास करना है। इस वर्ष एन.एस.एस. की नवीन कार्यकारिणी का गठन 1 अगस्त 2022 को हुआ और इसमें कुल स्वयंसेवी पंजीकृत हुए हैं, जिनमें 40 छात्र तथा 92 छात्राएं शामिल है।







# सेवा, सद्भाव और सौहार्द के लम्हें यादगार... राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय महाविद्यालय बंजार



भारतवर्ष की युवा पौध को व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, समवत कार्य संस्कृति तथा जीवन कौशल के विविध पक्षों से रु–ब–रु करवाकर एक समर्थ व सशक्त भारतीय बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। देश के नीतिकारों व प्रबुद्ध शिक्षाविदों की पहल पर 24 सितम्बर, 1969 में राष्ट्रीय सेवा योजना अस्तित्व में आई। तब से लेकर आज तक भारतवर्ष के विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत् लाखों विद्यार्थियों ने इस योजना को आधार बनाकर बहुमुखी व्यक्तित्व धारण कर अनेकों आयाम स्थापित किये हैं। इस योजना का ध्येय वाक्य– "स्वयं से पहले आप" युवाओं को राष्ट्र तथा राष्ट्र की सम्पदा के संरक्षण– संवर्धन के प्रति सदैव प्रेरित करता रहा है। शिक्षा प्राप्ति के साथ–साथ अपने अकादमिक ज्ञान का समाज के प्रति व्यावहारिक प्रयोग राष्ट्रीय सेवा योजना की अनूठी सुहीम है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक विद्यार्थी संस्थान और समाज के मध्य सहज सेतु का कार्य करते हुए अपने व्यक्तित्व को साधता है। स्वामी विवेकानन्द्र जी और राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के आदेर्शों को युवाओं के मन– मस्तिष्क में उकेरकर यह योजना हमारी युवा पीढ़ी को विकारों से मुक्त कर संवेदनशील नागरिक बनाने हेतु महत्त्वकांक्षी प्रयास कर रही है। यह योजना भारतवर्ष के विभिन्न प्रांतो तथा संघशासित इकाईयों के शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे लाखों विद्यार्थियों में आत्मानुशासन तथा शिष्टाचार के सहज गुण विकसित करने में सफल रही है।

हिमाचल प्रदेश में भी राष्ट्रीय सेवा योजना ने यहाँ के युवाओं को विशेष रूप से आकर्षित किया है। प्रदेश के समस्त शिक्षण संस्थानों में इस योजना से सम्बद्ध विविध इकाईयाँ हैं, जिनमें हज़ारों स्वयंसेवी विद्यार्थी औपचारिक शिक्षा के साथ–साथ जीवन कौशल शिक्षा के विभिन्न पहलुओं में दक्षता अर्जित कर रहे हैं। ज़िला कुल्लू के बंजार उपमण्डल में स्थित राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बन्जार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अपने स्वयंसेवियों के अनुशासन, कार्य कुशलता, शिष्ट आचरण तथा संकल्पबद्ध परिश्रम के कारण प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ इकाईयों में शुमार है। महाविद्यालय की स्थापना के महज तीन वर्षों के बाद वर्ष 2002 में यहाँ निवर्तमान प्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. हरी लाल शर्मा जी के मार्गदर्शन में इकाई का संचालन प्रारम्भ हुआ और तब से आज तक डॉ. ज्योति प्रकाश शर्मा, डॉ. पूजा







शर्मा, डॉ. भूपेंद्र डोगरा, डॉ. कमल कुमार, डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर, डॉ. डाबेराम तथा श्रीमती मोनिका सरीखे प्रबुद्ध शिक्षाविदों ने विभिन्न काल खण्डों में इस इकाई का संचालन किया। वर्तमान परिपेक्ष्य में सत्र : 2022–23 में विज्ञान विषय की स्वयंसेवी सुश्री ओमरिता सेठी ने इस इकाई की ओर से गणतन्त्र दिवस पूर्व शिविर में पंजाब के फगवाड़ा में दस दिवसीय शिविर में भाग लिया, जबकि राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, पटियाला में कला स्नातक स्वयंसेवी नरेश व हिमानी शामिल हुये। इस पूरे सत्र में विज्ञान स्नातक स्वयंसेवी नैनिता राही र्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी रही।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बन्जार के लिये वर्तमान रात्र : 2025–24 स्वर्णिम उपलब्धियों भरा रहा है। इस सत्र में इकाई में 80 छात्रा तथा 20 छात्र स्वंयं –सेवियों सहित कुल 100 विद्यार्थी पंजीकृत हुये और विभिन्न सामाजिक तथा पर्यावरणीय विषयों को लेकर प्रभावी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा। सम्पूर्ण बंजार कस्बे तथा समीपस्थ गाँवों में इकाई के कर्म योगी स्वयं–सेवियों ने समय–समय पर आम जन–मानस को जागरूक करने का महत्त्वपूर्ण कार्य किया। भारत सरकार द्वारा निर्देशित कार्यक्रम "मेरी माटी–मेरा देश" के तहत बंजार के स्थानीय सैनिकों, अर्द्ध–सैन्य बलों के जवानों तथा शहीदों का सम्पूर्ण विवरण सर्वेक्षण द्वारा एकत्र कर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। पर्यावरण संरक्षण पर स्वयं–सेवियों ने विशेष पहल की है, जिसके तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न प्रजातियों के कुल 125 तथा वसुधा वन्दन कार्यक्रम में कुल 101 पौधे, कुल मिलाकर 226 पौधे इस सत्र में रोपे गये। स्वयंसेवियों ने सहज कार्य संस्कृति का प्रदर्शन करते हुये महाविद्यालय मार्ग, परिसर तथा गोद लिये गाँव– बागी स्थित श्री श्रृंगा ऋषि मंदिर परिसर में समय–समय पर श्रमदान किया। स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत परिसर सहित बंजार बाजार, पुराने व नये बस स्टैंड में साफ–सफाई भी निरंतर क्रम का हिस्सा रहा। सामाजिक जागरुकता अभियानों के अन्तर्गत नशा मुक्ति अभियान, पोषण अभियान, फिट इंडिया अभियान, प्रातः कालीन प्रभात फेरियाँ, कलष यात्रायें, एड्स जागरूकता, मानवाधिकार, पर्यावरण, स्वच्छता, मतदाता जागरूकता इत्यादि अभियानों में इकाई के स्वयं–सेवियों द्वारा सार्वजनिक सम्बोधन तथा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाई।




इस सत्र में महाविद्यालय इकाई को जिला स्तरीय पूर्व–गणतन्त्र दिवस शिविर आयोजित करने के लिये चुना गया और राष्ट्रीय सेवा योजना, हि. प्र. विश्वविद्यालय शिमला, समन्वयक की ओर से इकाई के कार्यक्रम अधिकारी को अधिसूचना के माध्यम जिला कुल्लु तथा जिला लाहौल व स्पीति का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। यह सम्पूर्ण इकाई के लिये गौरवमयी क्षण था। इस सत्र में कला स्नातक स्वयं सेवी सुश्री मोनू ठाकुर ने उत्तर क्षेत्रीय पूर्व– गणतन्त्र दिवस शिविर, सिरसा (हरियाणा) में भाग लिया। कला स्नातक स्वयं–सेवी पुनीत ने राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली में आयोजित "मेरी माटी–मेरा देश" कार्यक्रम में बंजार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। इकाई द्वारा मानवता को समर्पित दो रक्तदान शिविर भी इस सत्र में आयोजित किये गये, जिनमें क्रमशः 15 व 32 कुल 47 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस इकाई व सम्पूर्ण बन्जार क्षेत्र के लिये 18–22 दिसम्बर, 2023 का समय ऐतिहासिक रहा जब इकाई ने राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मैगा शिविर की मेज़बानी की। इस शिविर में प्रदेश के ग्यारह जिलों के 40 महाविद्यालयों के 127 स्वयं–







सेवियों ने भाग लिया तथा इकाई के स्वयं–सेबियों सहित इस मैगा शिविर में सम्मिलित स्वयं–सेवियों की संख्या ने अब तक आयोजित सभी मैगा शिविरों का रिकॉर्ड तोड़कर एक नया कीर्तिमान भी कायम किया। इस सत्र में इकाई की कला स्नातक स्वयं–सेवी संध्या देवी ने 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में महाराष्ट्र के नासिक में बंजार इकाई का प्रतिनिधित्व किया जबकि दो अन्य कला स्नातक स्वयं–सेवी ललित अकुर व झाबे राम, हाटकोटी शिमला में आयोजित साहसिक शिविर में प्रशिक्षित हुये। इस सत्र के लिये कला स्नातक स्वयं–सेवी दुर्गश्वरी ठाकुर तथा योग राज क्रमशः छात्रा व छात्र वर्ग में सर्वश्रेष्ठ स्वर्यसेवी रहे। इन सबके अलावा इकाई के स्वयं सेवियों ने महाविद्यालय के शिक्षकों तथा छात्र समुदाय के अतिरिक्त पूरे बंजार कस्बे में अपनी एक अलग पहचान बनाई है और अपने संवेदनशील तथा सादगीपूर्ण प्रयासों से सभी का दिल जीता है। इस कड़ी में महाविद्यालय परिवार के सदस्यों ने भी समय–समय पर वित्तीय व वस्तु आधारित सहयोग से इकाई को अनुगृहीत किया है। इकाई के स्वयं–सेवियों ने सामाजिक सहयोग से, बिना किसी सार्वजनिक राशि का प्रयोग किये परिसर में मार्ग, क्यारियाँ तथा सद्भावना प्रतीक कमल ताल व राष्ट्रीय सेवा योजना स्मारक का निर्माण किया है।



यह इनकी कर्मठता, कार्य कौशल तथा संकल्प शक्ति का प्रत्यक्ष पर्याय है। इसके अलावा इकाई के संसाधनों का संरक्षण–संवर्धन, इकाई भण्डार गृह में नवीन व्यवस्था, इकाई कार्यालय का नया रूप तथा व्यवस्थित दस्तावेज़ों का क्रमवार स्थापत्य भी इकाई के विलक्षण स्वंय–सेवियों की विशेषता है। इकाई सलाहकार श्री रामा नन्द का सक्रिय सहयोग भी इस प्रगति का एक हिस्सा रहा है। मैं अत्यन्त गर्वित होकर प्रत्येक स्वयं–सेवी तथा सम्पूर्ण इकाई के उज्ज्वल भविष्य के प्रति अनेकानेक शुभ–कामनायें प्रेषित करता हुआ अंत में बस यही दोहराउँगा–

**"मेरे बच्चे सबसे अच्छे"**

इति शुभम!

**प्रतिवेदक : डॉ. श्रवण कुमार**
**कार्यक्रम अधिकारी**

# रोवर्स एंड रेंजर्स

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार की रोवर्स एंड रेंजर्स ईकाई में



रोवर लीडर डॉ. दुनी चन्द तथा रेंजर लीडर डॉ. हेमलता के नेतृत्व में 08 रोवर्स तथा 24 रेंजर्स पंजीकृत है। सत्र 2023–24 में इस ईकाई द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया।

–01 अगस्त 2023 को राजकीय महाविद्यालय बंजार द्वारा 'विश्व स्काउट सकार्फ' दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 28 रावर्स और रेंजर्स ने भाग लिया।

–21 से 25 सितम्बर 2023(रेंजर्स) तथा 26 से 30 सितम्बर 2023(रोवर्स) तक राज्य प्रशिक्षण केन्द्र रिवालसर जिला मंडी में 5 दिवसीय निपुण टैस्टिंग कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप के महाविद्यालय की 8 रेंजर्स ने 4 रोवर्स ने भाग लिया।



– 3 नवम्बर 2023 को राजकीय महाविद्यालय बंजार में रोवर्स तथा रेंजर्स ईकाई द्वारा एक दिवसीय प्रोजेक्ट निश्चय के अन्तर्गत नशा निवारण पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाषण, पोस्टर मेकिंग तथा नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

– 07 नवम्बर 2023 को महाविद्यालय में 'स्काउट एंड गाईड' स्थापना दिवस मनाया गया तथा महाविद्यालय परिसर से नशा निवारण पर एक रैली का आयोजन किया गया।

–24 से 28 नवम्बर 2023 तक राज्य प्रशिक्षण केन्द्र रिवालसर जिला मंडी में प्री. आर. डी. कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के 5 रोवर्स तथा 5 रेंजर्स ने भाग लिया। इस कैंप में महाविद्यालय के 5 रोवर्स तथा 4 रेंजर्स का चयन आर. डी. कैंप के लिए हुआ।

–19 से 26 जनवरी 2024 तक शिमला में आयोजित आर. डी. कैंप का आयेजन राजकीय कन्या महाविद्यालय में किया गया, जिसमें महाविद्यालय के 4 रेंजर्स तथा 5 रोवर्स ने भाग लिया।

– राज्य स्तरीय




गणतन्त्र दिवस परेड शिमला में महाविद्यालय के 1 रेंजर हिमानी तथा 4 रोवर्स निखिल, आर्यन, दिनेश तथा पुष्पराज ने भाग लिया।

– 22 फरवरी 2024 को महाविद्यालय में वैडेन पॉवेल फाउन्डेशन डे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वैश्विक भूखमरी, लैंगिक असमानता तथा पर्यावरण संतुलन विषय पर छात्रों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

## निर्वाचन साक्षरता क्लब




निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वावधान में 18 अक्टूबर 2023 को मतदाता जागरुकता विषय पर संगोष्ठी का आयेजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों व शैक्षिक व गैर शिक्षक वर्ग ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

## जीविकोपार्जन परामर्श एवं प्रस्थापन प्रकोष्ठ (Career Counseling and Placement Cell)



जीविकोपार्जन परामर्श एवं प्रस्थापन प्रकोष्ठ (Career Counseling and Placement Cell) डॉ. लीना वैद्या के कुशल नेतष्व में छात्रों को अपने भविष्य के प्रति जागरुक बनाने तथा रोज़गार के विभिन्न अवसर प्रदान करने एवं छात्रों को सुझाव देने के लिए नियमित रुप से कार्य कर रहा है। सत्र 2023–24 के दौरान उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना के अन्तर्गत जीविकोपार्जन परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों का वर्णन इस प्रकार हैः–

– 6 सितम्बर 2023 को प्राचार्य की उपस्थिति में डॉ. लीना वैद्या ने सत्र 2023–24 के लिए विद्यार्थियों को जीविकोपार्जन परामर्श तथा प्रस्थापन की भूमिका तथा महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. दुनी चन्द सहायक प्रवक्ता राजनीति शास्त्र ने प्रशासनिक सेवाओं की प्रवेश परीक्षा से संबधित जनकारी विद्यार्थियों के साथ सांझा की तथा श्री अतुल चौधरी सहायक प्रवक्ता भौतिक विज्ञान ने सनातक के बाद विज्ञान में उच्च शिक्षा की प्रवेश परीक्षाएं जैसे IIT-JAM, JEST, CUET इत्यादि से छात्रों को अवगत करवाया। श्री चौधरी ने विद्यार्थियों को खगोल और भोतिकि से लेकर सैन्य सेवाओं तक उनके लिए खुले विभिन्न क्षेत्रों के बारे में बताया। तत्पश्चात् कार्यक्रम के मुख्य अतिथी डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को मेहनत करने के लिए प्रेरित किया तथा दोनों स्त्रोत वक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा आयोजित English Employability and Entrepreneurship (EEE) के तहत 54 विद्यार्थी इस कार्यक्रम में पंजीकृत हुए है जो कि 155 घंटे की कार्यशाला पूर्ण करने के पश्चात् प्रशस्ति पत्र के पात्र होंगे।



## संस्कृत दिवस

महाविद्यालय के संस्कृत विभाग की प्रभारी डॉ. हेमलता द्वारा 31 अगस्त 2023 को संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया। डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम में शिरकत की। इस कार्यक्रम में ''संस्कृत भाषा का महत्त्व'' विषय पर भाषण, श्लोक गायन, प्रश्नोतरी इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।



## महिला प्रकोष्ठ (Women Cell)

महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने एवं महिला सशक्तिकरण एवं बाल संरक्षण हेतु सत्र 2023–24 लिए महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इसके संयोजक डॉ॰ रेणुका थपलियाल है। विभिन्न गतिविधियों का आयोजन समय–समय पर किया गया।

## रैड रिबन क्लब/ईको क्लब

**9 अक्टूबर** 2023 को रैड रिबन क्लब/रैड क्रॉस व एन.एस.एस. ने क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के सहयोग से एक दिवसीय रक्त दान शिविर का आयोजन किया जिसमें 15 विद्यार्थियों ने 15 यूनिट रक्त दान किया।









रैड रिबन क्लब/रैड क्रॉस ने 16 नवम्बर 2023 को ICDS के सहयोग से महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम ''वो दिन'' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें महिलाओं की स्वास्थ्य एवं महावारी संबधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर ने की। इस अवसर पर डॉ. राहुल डोगरा (AMO) और श्री गजेन्द्र ठाकुर (DPO, ICDS Kullu) मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित रहे।

1 दिसम्बर 2023 को रैड रिबन क्लब द्वारा विश्व एड्स दिवस महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर वाद–प्रतिवाद, नारा लेखन, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## पर्यटन क्लब

**केन्द्रीय** पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में सितम्बर 2023 में पर्यटन क्लब की स्थापना की गई। इस क्लब में संयोजक के रुप में श्री रामानन्द जी को संयोजक, डॉ. श्रवन कुमार व डॉ. विकास कुमार को पर्यटन क्लब बंजार का सदस्य मनोनीत किया गया।






## सड़क सुरक्षा क्लब

इस महाविद्यालय में डॉ. विकास कुमार के कुशल नेतष्त्व में ''सड़क सुरक्षा क्लब'' द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। 12 दिसम्बर 2023 को सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग तथा भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा विजेतांओं को पुरस्कृत किया गया। नोडल अधिकारी श्री विकास कुमार द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई।





## आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ





महाविद्यालय का आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ श्री दीपक कुमार सिंह जी के कुशल नेतृत्व में कार्य कर रहा है जिसके अन्तर्गत 12 अक्टूबर 2023 को ज़िला कुल्लू में जुलाई–अगस्त में आई प्राकृतिक आपदा में दुःखद रुप से अपनी जान गंवाने वाले प्रभावित परिवारों और समुदायों के प्रति एकजुटता और करुणा प्रकट करने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

13 अक्टूबर 2023 को राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में आपदा जोखिम न्यूनीकरण समर्थ 2023 के अन्तर्गत मॉक ड्रिल करवाई गई, जिसमें प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# खेल–कूद संबंधी गतिविधियां





शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. प्रवेश शर्मा के कुशल दिशा निर्देशन में छात्र एवं छात्राओं ने खेल सम्बन्धी गतिविधियों में अपनी परम्परा को निरन्तर बढ़ाते हुए प्रशंसनीय उपस्थिति दर्ज़ कराई है। महाविद्यालय के छात्रों एवं छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न अन्तर–महाविद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसका विवरण इस प्रकार है:–

–सितम्बर माह में राजकीय महाविद्यालय ज्वालाजी में महाविद्यालय की महिला व पुरुष टीमों ने अंतर महाविद्यालय क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता में भाग लिया। पुरुष वर्ग में भाग लेने वाली 47 टीमों में हमारे महाविद्यालय ने आठवां जबकि महिला वर्ग में भाग लेने वाली 31 टीमों में हमारे महाविद्यालय ने छटा स्थान हासिल किया।

–सितम्बर माह में एम.एल.एस.एम. सुन्दरनगर में आयोजित अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 12 सदस्य महिला टीम ने भाग लिया।

–राजकीय महाविद्यालय उना में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की पुरुष वर्ग की टीम ने भाग लिया।

–राजकीय महाविद्यालय सोलन में आयोजित विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय वुशु प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष के योगेन्द्र ठाकुर ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक तथा बीए प्रथम वर्ष के मनोज कुमार ने 52 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

–नवम्बर माह में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित एथ्लेटिक मीट में महाविद्यालय की पुरुष एवं महिला टीम ने भाग लिया।

–5 मार्च 2024 को राजकीय महाविद्यालय बंजार में 21वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।





# मध्यावधि परीक्षाएं

विद्यार्थियों की शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने तथा गुणवता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए हि. प्र. विश्वविद्यालय ने आंतरिक मूल्यांकन अंक पद्धति का तरीका अपनाया है। इस महाविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक डॉ. योगराज के कुशल नेतष्त्व में प्रत्येक विषय में परीक्षा ली जाती है तथा विद्यार्थियों के द्वारा प्राप्त अंक, उपस्थिति तथा कक्षा परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर आंतरिक मूल्यांकन किया जाता है।



## हिन्दी दिवस



14 सितम्बर 2023 को हिन्दी विभाग की प्रभारी कुमारी लता देवी की उपस्थिति में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया जिसके तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे भाषण, दोहा गायन, कविता पाठ, निबन्ध लेखन, काव्य पाठ, सुलेख, नारा लेखन और चित्रकला, प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय बंजार के लगभग 400 छात्र एवं छात्राएं सभागार में उपस्थित रहे जिनमें से 39 छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

## संविधान दिवस




महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र व लोक प्रशासन विभाग द्वारा संयुक्त रुप से संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर 25 नवम्बर 2023 को प्राचार्य की उपस्थिति में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पोस्टर मेकिंग तथा नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




## अन्तर्राष्ट्रीय पुरातत्व दिवस



21 अक्टूबर 2023 को इतिहास विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय पुरातत्व दिवस मनाया गया। इस समारोह में इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने पी.पी.टी. के माध्यम से भारत की समृद्ध वास्तुकला विरासत पर प्रकाश डाला और हिमाचल की काठकुनी वास्तुकला पर भी पत्र पंस्तुत किए। इसके साथ ही चित्रकला, कोलॉज और हिमाचली पोशाक और क्षेत्र की विशिष्ट संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए मनमोहक पारंपरिक फैशन शो का भी आयोजन किया गया।




## शिक्षक दिवस



05 सितम्बर 2023 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय संव्यसेवी योजना ईकाई द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी शिक्षक मुख्यतिथि के रुप में उपस्थित रहे।



## साहित्य परिषद्



अंग्रेज़ी विभाग द्वारा सितम्बर और अक्टूबर माह में द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं के लिए Translation Studies पर दो एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें डॉ. हेम लता तथा कुमारी लता ने संबधित विषय पर वक्तव्य प्रस्तुत किए।

28 फरवरी से 1 मार्च 2024 को आयोजित कुल्लू साहित्य उत्सव में महाविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग के पांच छात्र–छात्राओं ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।




8 सितम्बर 2023 को महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में 'साहित्य परिषद्' द्वारा एन.एस.एस के साथ संयुक्त रुप से अन्तराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने भाषण, कविता व गीतों के माध्यम से साक्षरता व शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. लीना वैद्या व श्री ईशान मार्वल ने साक्षरता व शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक अपने विचार रखे। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्यतिथी प्राचार्य डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर ने बंजार क्षेत्र में शिक्षा में आने वाली कठिनाईयों के विषय पर चर्चा की और विद्यार्थियों को शिक्षा की गुणवता समझाते हुए समाज में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## विश्व मानवाधिकार दिवस



राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रश्नोतरी, भाषण, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।





# सांस्कृतिक कार्यक्रम

शिक्षा के साथ–साथ छात्रों की प्रतिभा प्रदर्शन के लिए मंच प्रदान करना महाविद्यालय प्रशासन का लक्ष्य रहता है। इसी कड़ी में समय–समय पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न अवसरों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय संस्कृति की झलकियां प्रस्तुत की जाती रही है। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा महोत्सव में भी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।


















# स्वच्छता अभियान

''स्वच्छ भारत अभियान'' के उदेश्य को साकार करने एवं विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं कार्य स्थल की स्वच्छता के महत्व को साकार करने के लिए महाविद्यालय परिसर एवं भवन में नियमित रुप से एन.सी.सी., एन.एस.एस. रोवर्स एंड रेंजर्स एवम् अन्य विद्यार्थियों द्वारा प्राध्यापकों की देख रेख में क्रमावर्तन (Rotation) में सफाई की जाती है।





# सेवानिवृत्ति

श्री गिरधारी लाल चौकीदार, श्री भीम सेन (30 नवम्बर 2023) तथा श्री प्यार चन्द (31 जनवरी 2024) (वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक), श्रीमति धनवन्ती देवी (अधीक्षक ग्रेड–1) 29 फरवरी को अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देते हुए इस महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हुए। 31 मार्च 2024 को डॉ. दीपक कुमार शर्मा और 30 अप्रैल को डॉ. जोगिन्द्र ठाकुर प्राचार्य के पद से सेवानिवृत हुए।









# Pride of Our College



शौर्य शर्मा

(1st in B.Sc. 3rd Year)

1st Rank in HPU



इशिता ठाकुर

(2nd in B.Sc. 3rd Year)



लक्ष्मी नेगी

(3rd in B.Sc. 3rd Year)



मनीषा ठाकुर

(1st in B.A. 3rd Year)



सुमन वर्मा

(2nd in B.A. 3rd Year)



रिया सोनी

(3rd in B.A. 3rd Year)



रोहित भारद्वाज

(1st in B.Com. 3rd Year)



जितेन्द्र कुमार

(2nd in B.Com. 3rd Year)



ज्योतिका महाजन्

(3rd in B.Com. 3rd Year)

# The Award Winners















































## ...and the tradition continues























# Editorial Board (Students)



**Kanika**
(English)



**Bonika Raj**
(Science)



**Mamta Thakur**
(Commerce)



**Hima devi**
(Sanskrit)



**Bhanupriya**
(Pahadi)



**Nisha Thakur**
(Hindi)

## From the Editors of English, Science and Commerce Section

As the student editor of our esteemed college magazine *Siraj Shikha*, I am extremely honoured to share this English section that we have put together this year. Our magazine is like a big, colourful quilt with each piece being unique and original, woven together by the creativity of the students of Banjar college. Behind every write-up lies a story of dedication and passion, and we have worked hard to produce them in their final form. In this regard, I must acknowledge the efforts of my junior members – Akshita, Radhika and Yamuna from BA I year. I am also profoundly grateful to my teachers for giving me this opportunity, and to everyone who was involved in the process of creating this magazine. Finally, to our readers, we hope that this magazine shall entertain as well as inspire you to bring out your own creative efforts.

***Kanika (English)***
***Bonika (Science)***
***Mamta Thakur (Commerce)***

# संस्कृत अनुभाग

**सम्पादकीयम्**

सर्वप्रथमो अहं राजकीय महाविद्यालय बन्जारस्य वार्षिक पत्रिका 'सिराज शिखा' इति नामधेयाः पाठकानां हार्दिक अभिनन्दनं करोमि। गौरवमनुभवामि अहं यत् विद्यालस्य सिराज शिखा पत्रिकायाः संस्कृत विभागस्य छात्रा सम्पादिका रूपेण कार्यं करोमि।

''सिराज शिखा'' न केवल वार्षिक पत्रिका अपितु बन्जार महाविद्यालस्य छात्राणां प्रतिभायाः प्रतीकः वर्तते।

संस्कृत भाषा अति प्राचीनतमा भाषा वर्तते। संस्कृतभाषायाः संरक्षणाय हिमाचल प्रदेशे हिमाचल संस्कृत अकादमी तथा हिमाचल संस्कृत भारती एतयो महदवदानं वर्तते। अतः अस्माभिः इतोऽपि संस्कृतमातुः कृते प्रयत्नं करणीयः।

संस्कृतस्य कृते जीवन संस्कृतस्य कृते यजन।
आत्मानमाहुतं मन्ये बन्दे संस्कृत मातरम्।
जयतु संस्कृतम्, जयतु भारतम्।

**हिमा देवी**

# पहाड़ी अनुभाग

**संपादकै री कलमा संगे**

फेर–फिरदी सा उछठी–निहठी धारा, देय श्रगिंगि री राईता बजं`रा सा कॉलेज म्हारा,
सीडा–घीउ, बड़े–बाबरू, हिमाचली धाम, जबु़ा री डाली सा सस्कृति पहचान म्हारी।
दूरा–दूरा देशा का इंदा लोका हेरदे प्यारी जिभी म्हारी।
सभी भाई–बहन जासु आपणे विचार पहाड़ी भाषा न लिखे तिहा बे मेरी शभुकामनाएं,
जैया भी पहाड़ी में आपणी सस्कृति री पहचान दीनी तैया सभी वे मेरा दिला का प्रणाम
और कॉलेजा री तरफा का धन्यवाद।

**भानु प्रिया**

# हिंदी अनुभाग

प्रिय पाठको,

नमस्कार


मैं राजकीय महाविद्यालय बंजार की वार्षिक पत्रिका 'सिराज शिखा' के इस अभिनव अंक में सभी पाठकों का हार्दिक अभिनंदन करती हूं। मैं हिंदी अनुभाग की प्रध्यापिका प्रो. लता ठाकुर जी का धन्यवाद करना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे छात्रा संपादिका बनने का सौभाग्य प्रदान किया।

सिराज शिखा केवल एक पत्रिका ही नहीं अपितु अपने विचार कला एवम् अभिव्यक्ति प्रकट करने का माध्यम भी है। यह पत्रिका महाविद्यालय बंजार के छात्रों की प्रतिभा का प्रतीक है। साहित्य समाज का दर्पण होता है, और पत्रिका साहित्य की प्रमुख विधा है। प्रत्येक छात्र के मन में कुछ न कुछ असीम योग्यता का भंडार छुपा होता है, वह छात्र के लेखन के द्वारा उजागर होता है।

एक छात्रा संपादिका के रूप में मैं यह संदेश देना चाहती हूं कि जिंदगी में कोई भी कार्य मुश्किल नहीं है और उतना सरल भी कुछ नहीं है। यदि हम जीवन में किसी भी कार्य को करने का प्रयास ही नहीं करेंगे तो हमें सरल चीजे भी नहीं मिल पाती। वहीं अगर हम पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ काम करें तो जीवन की कठिनाइयां भी सरल लगने लगती है। तो साथियों, अपने जीवन का आनंद अपने शानदार और अनोखे तरीके से लें। वास्तव में, जीवन का हर पल कीमती है, इसलिए हमेशा हर पल को यादगार बनाने की कोशिश करें।

अंत में मैं उन सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने अपने अन्दर के कलाकार को उजागर कर पत्रिका के प्रकाशन में अपना अमूल्य सहयोग दिया है। इस पत्रिका में जितने भी छात्रों ने लेख दिए हैं, उनसे कुछ न कुछ सीख अवश्य मिलती है।

**निशा ठाकुर**



# विविध :

## कविताएं, कहानियां, लोक-कथाएं, आलेख

# तुम वीर हो

वो बोलता है तो बोलने दो क्योंकि
बोलना उसका काम है।
तुम बीर हो बीरता से आगे बढ़ो
क्योंकि सफलता प्राप्ति तेरा मुकाम है।

वो जलता है तो जलने दो
क्योंकि करणी में तेरी वो शान है।
वो सुनाता है तो सुनाने दो
क्योंकि आलोचक उसका नाम है।

तुम विवेकी हो विवेक से मात दो
क्योंकि द्वेष उसका तुझे वरदान है।
तेरी जीत की गूंज सुनकर मुंह की खाएगा वो
क्योंकि जीत में तेरा सम्मान है।
वो आलोचक है उसे आलोचना करने दो
क्योंकि खुद से ही वो अनजान है।
तुम कर्म करो और प्रबुद्ध बनो
क्योंकि कर्म की शक्ति महान् है।

# पिता

पिता भी दुःख में रोता है।
पर आंसू आंखों से बहाता नहीं
पिता भी श्रम से थकता है।
पर पारिवारिक सुख के लिए
आराम करता नहीं
पिता भी भूखा होता है।
पर परिवार से पहले भोजन करता नहीं
पिता परिवार की
अरमान पूर्ति के लिए जीता है
पर खुद का अरमान
किसी को बताता नहीं
पिता ही वह शख्स है
जो हमारे दुःख में दुःखी व
सुख में सुखी होता है
पिता है तो
हर खुशियां–अरमानों
पर हक़ अपना है।
पिता नहीं तो
हर अपना भी ज्यों सपना है।

# आज भी याद है मां

अपनी प्यास को दबा कर
मुझे पानी पिलाना
अपनी भूख को दबा कर
मुझे खाना खिलाना
अपनी नींद को दबा कर
मुझे खुद की गोद में सुलाना
आज भी याद है मां

तेरा संगीत से नफरत करना
फिर भी मधुर लोरियां सुनाना
खुद की बीमारी में भी
मेरी फ़िक्र करना
अपने दुःख को छुपा कर
मेरे आंसूओं को पौंछना
आज भी याद है मां
अपने बोझ के साथ
मेरे बोझ को भी उठाना
खुद को गिले में सोकर
मुझे सुखे में सुलाना
खुद को कांटों में चल कर
मेरे लिए निष्कंटक पथ बनाना
आज भी याद है मां

अपना पटू ठंड में उतार कर
मुझे पटू में ओढ़ना
अपना दुपट्टा गर्मी में
सिर से हटा कर
मुझे दुपट्टे की छांव में रखना

अपनी निराशा को
मुखमण्डल से हटा कर
मेरे मुखमण्डल पर हंसी लाना
मेरे गलत काम करने पर
मुझे दिखावटी थप्पड़ मारना
आज भी याद है मां।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी

सत्य और प्रेम का वह प्रचारक था,
अहिंसा और असत्यग्रह का
वह धारक था।।
जिसने अहिंसा और
सर्वोदय का सिद्धांत लाया था
उसने प्रेम को
सृष्टि का आधार बतलाया था।।
साध्य और साधना के बारे में बताया था,
बीज जैसा फल वैसा
यह सब कुछ हमे समझाया था।।
सत्याग्रह को
असत्य का विरोधी बताया था
"हिंद स्वराज" में
यह आत्मा का बल भी कहलाया था।।
राम राज्य का सिद्धांत लाया था,
संपूर्ण वर्ग का उत्थान हो,
यह कहकर हमें समझाया था।।
टैगोर ने जिन्हें महात्मा बतलाया था,
बॉस ने उन्हें राष्ट्रपिता कहलाया था।।
अंग्रेजों को भागने आई थी
तूफान और आंधी,
उनका पूरा नाम था
मोहन दास कर्मचंद गांधी ।।

**सभी कविताएं :**

**कृष्ण कुमार**
**बी.ए, तृतीय वर्ष**



# तू मुसाफिर

मुसाफिर है तू,
तुझको चलते रहना होगा,
होसलों के पुल बनाकर,
लहरों से लड़ना होगा।

तू रुक नहीं सकता,
भयावह चाहे नजारें हों,
निराशाओं के पहाड़ हो चाहें,
दु:खों की मीनारें हों।

थोड़ा सा भटककर,
थोड़ा सा संभलकर,
बहुत कुछ हार कर,
तू थोड़ा सा सब्र कर।

मुसाफिर है तू,
तुझको चलते रहना होगा,
जीवन की राह में,
सब कुछ तुझको सहना होगा।

अनिश्चित इस सफर में
मोड़ हजारों आएंगे,
बुरे दिन कुछ जिंदगी के,
अच्छे दिन भी लाएंगे।

राह के काँटों का दर्द
अकेले तुझको सहना होगा,
दर्द को दवा बनाकर
निरंतर पथ पर चलना होगा।

एक दिन अवश्य ही
सफर ये समाप्त होगा,
मिलेगी मंज़िल तुझे,
संघर्ष जब तेरा पर्याप्त होगा।

मुसाफिर है तू,
तुझको चलते रहना होगा,
खुबसूरत था सफर
अंत में तेरा ही यह कहना होगा।

**लैंसी शर्मा,**
**बी.ए. द्वितीय वर्ष**

# प्यारे बच्चे

हंसते गाते शोर मचाते,
सबको बचपन याद दिलाते।
कोई भी परवाह नही करते,
नन्हें नन्हें प्यारे बच्चे।।

फूलों की तरह खिलखिलाते,
परिवार की खुशियां बढ़ाते।
जीवन में खुशियां लाते,
नन्हें नन्हें प्यारे बच्चे
अपनी मुस्कुराहट से,
माता पिता की चिंता दूर करते।।

कभी कोई गम न देते,
नन्हें नन्हें प्यारे बच्चे।
खुद भी हँसते, सबको हँसाते
घर में खुशियों का माहौल बनाते,
नन्हें नन्हें प्यारे बच्चे।

**मेघा शर्मा**
**बी.ए. तृतीय वष**

# दोस्ती

वक़्त गुजरा कुछ ऐसे
कि शुरू हुई एक नयी कहानी,
वही जगह वही रास्ते पर
बातें कुछ नई, कुछ पुरानी,
शुरुआत हुई हल्की अनबन से
थोड़ी घबराहट थोड़ी झिझक से,
पर वक़्त ने संभाली चीजें कुछ ऐसे
लगा दोस्ती पुरानी हो जैसे,
अब कहानी पहुंची ऐसे मोड़ पर
जहाँ रास्ते और मंजिल
की कम हुई दूरी,
पर एक बात समझ आई
जिंदगी के हर रास्ते पर
दोस्ती का सहारा है जरूरी।।

**संजना**
**बी.ए. तृतीय वर्ष**

# बचपन का जमाना

इक था बचपन का जमाना,
जिसमे था खुशियों का खजाना,
चाँद को पाने की चाहत थी।
लेकिन दिल तितली का दीवाना था
स्कूल से थक कर आना,
फिर भी था खेलने जाना,
कागज की नाव की बारिश में,
हर मौसम सुहाना था।
वजह न थी रोने की,
न हंसने का बहाना था,
क्यों हो गए हम इतने बड़े,
बचपन का जमाना
इससे अच्छा तो बचपन का जमाना था।।

**मेघा शर्मा**
**बी.ए. तृतीय वर्ष**



## खटकता है

खटकता है
जब कुछ सुलझता नहीं देर ही सही
पर अंधेरा नहीं
पीड़ा वो स्वीकार हैं
जो मेरा ही व्यवहार हैं ये परीक्षाएं है।
परिणाम नहीं जानती
आज मैंने पुनः कलम उठा ली
उन ज़ख्मी शब्दों के लिए
मैंने उस पर पुनः स्याही भरवा ली।

## मन की बगिया

सुंदर मन की बगिया
आशियाना कुब्जा हस्त उठाएं वांहे फेराएं
क्यों वह नीलकंठ की ओर बढ़ती जाएं
अपनी सोपान पहचान न पाएं
बैठी वह इस बगिया में
हजारों कुब्जा सजाएं
सच्ची चाहत कर्म टेना टेढ़ा

किसको राहत किसको मेवा

छल से चाहा
ईर्ष्या से आया
प्रेम ने कभी न पाया।

## स्त्री

रंगो से भरी धरा
रंग इसमें हजारों
सबने यहां रंग बुना
लेकिन प्रेम ने केवल उसे चुना
सबकी पीड़ाएं उसकी हुई उसकी कोई पीड़ा नहीं
जैसे शाख वह उस बगिया की

बिन उसके बगिया ही नहीं
वह सत्य वह शांति
वह ऊर्जा वह क्रांति
वह शाम वह सवेरा
कोई न उस जितना गहरा
क्षितिज तक उसका पहरा
निशा उससे विदा ले
रोशनी उसके बिना नहीं
वर्णन उस स्त्री का
जिसे पूछता कोई नहीं।

**भानु प्रिया,**
**बी.ए. द्वितीय वर्ष**

---

## जिंदगी के रास्ते

कभी हंसाती तो कभी रुलाती है जिंदगी,
कभी मझधार में तो कभी किनारों पर लाती है जिंदगी,
फिर भी ना जाने खुद को ही
क्यों प्रश्न बनाती है जिंदगी?

कुछ भुलाती तो
कुछ याद दिलाती है जिंदगी,
गलतियों पर गलतियां करवाती है जिंदगी,
इन राहों पर चलते हुए बोझ सी लग जाती है जिंदगी।

कभी गिराती तो कभी संभालती है जिंदगी,
कभी अच्छा तो
कभी बुरा वक्त लाती है जिंदगी,
फिर भी ना जाने खुद को ही क्यों प्रश्न बनाती है जिंदगी?

भले ही एक प्रश्न है जिंदगी,
मौत तक जरुर पहुंचाती है जिंदगी।

मुश्किलों से लड़ना सिखाती है जिंदगी,
यह तो सांसों की उड़ान है आखिर खत्म हो जाती है जिंदगी।

**कंगना वशिष्ट**
**वी.ए. द्वितीय वर्ष**

## समय

समय को समझते समय लग जाता है,
समझते–समझते समय निकल जाता है
समय पर किया काम
परिणाम समय पर देता है,
जो ना समझे महत्त्व समय का,
सब अपना वह खो देता है,
समय को भी समय चाहिए,
तुम्हारा समय बदलने को,
समय को संघर्ष चाहिए,
तुम्हारे समर्पण का अंश चाहिए
हौंसलो में आग चाहिए,
इच्छाओं का त्याग चाहिए,
समय पर समझना मूल्य समय का,
क्योंकि–
समय को समझते समय लग जाता है,
समझते–समझते समय निकल जाता है।
समय कभी ठहरता नहीं,
एक जैसा रहता नहीं,
समय के साथ चलना सीखो,
हर स्थिति में ढलना सीखो,
समय तुमको सुख देगा,
दूसरी घड़ी दुःख देगा,
समय बड़ा बलवान है,
पल में जिंदगी बदले
यह बहुत महान है।
इसीलिए–
समय का सम्मान करो,
समय पर विचार करो,
समय का सदुपयोग कर,
जिंदगी को साकार करो/

**लैंसी शर्मा**
**बी.ए. द्वितीय वर्ष**



# कॉलेज में हमारा आखिरी साल

यह है कॉलेज में हमारा आखिरी साल,
जाते–जाते मन में है एक सवाल,
कैसे भूलेंगे हम ये तीन साल,
हां! बहुत याद आएंगे कॉलेज के तीन साल।

याद आएगा एडमिशन टाइम,
कभी–कभी फॉर्म गलत भर देना
और फिर निहाल अंकल के बताए पर,
सबकुछ ठीक कर देना

और जब शुरु हो जाती क्लासें,
कभी–कभी क्लासिज में लेट हो जाना,
दौड़ते, हांफते सीढ़ियां चढ़कर लास्ट फ्लोर पहुंचना,
कभी–कभी बातो में अटेंडेंन्स भूल जाना
और फिर बेस्ट फ्रेंड के मुँह पर

हाथ रख उसे भी अटेंडेंन्स न सुनने देना,
बहुत याद आएगा।
लन्च टाइम में आऐंगे कैन्टीन के,
सीडड्डू, ब्रेडपीस, बर्गर याद,

गर्मियों में याद आएगी कॉमन रूम की ठंडक
और सर्दियों में कॉलेज के बाहर की धूप,
वो असाइनमेंट वाले दिन,
अच्छी तैयारी के बाद भी,
प्रेजेंटेशन के वक्त भूल जाना याद आएगा।
एग्जाम टाइम का फीयर तो हमेशा याद रहेगा ,
सब पढ़ लेने के बाद भी,
कुछ छूट गया वाला भाव हमेशा याद आएगा।
शोर मत करो, हाफ टाइम ओवर,
शेष 5 मिनट एग्जामिनर की ये बातें रह–रहकर
गूंजेगी मन और फिर कॉलेज के कार्यक्रम,
कभी हिन्दी दिवस,
कभी पुरातात्विक दिवस,
और अंत में
एनुअल फंक्शन कैसे भूल पाएगे हम।
कभी मंच में जाकर मंच संचालन करना,
कभी गाना, कभी नाटी सब याद आएगा।
वो प्रधानाचार्य की साफ हिदायत,
किसी भी आउटसाइडर की
एंट्री बंद रहेगी
के बाद भी,
बाहर के दोस्तों को बुलाना,
हमेशा याद रहेगा।
प्राइज वाले दिन ट्रोफियों की चमक
कैसे भुलेंगे हम।
एन एस एस का मेगा केंप, एन सी सी वाली परेड,
स्काउट एन्ड गाइड की प्यारी यूनीफॉर्म,
कॉलेज की यादों में सबसे सुंदर होगी।
प्रधानाचार्य जी की अनुशासन व्यवस्था,
ज्योग्राफी वाली मेम और इंग्लिश वाले सर
का मंच संचालन,
इतिहास राजनीतिक विज्ञान वाले सर का नॉलेज,
संस्कृत वाली मेम का तजुर्बा,
हिन्दी वाली मेम का गहरा ज्ञान
और प्रभावशाली व्यक्तित्व हमेशा याद रहेगा।
वो विज्ञान और कामर्स स्ट्रीम के अध्यापको का
प्यार से हमारी नमस्ते सुनना
बहुत याद आएगा।

वो सुबह–सुबह बस स्टैंड से कॉलेज
और शाम को कॉलेज से बस स्टैंड चलना
सब याद आएगा।
वो बरसात मे गांव की सड़क का टूट जाना
और फिर 10 किलोमीटर पैदल चलकर,
कॉलेज आना याद रहेगा।
प्यारे कॉलेज तुम बहुत याद आओगे।

**पूजा, बी.ए. तृतीय वर्ष**

# पिता

मां के लिए बहुत लिखा यारो सब ने
ना जाने इस लिखावट में
पिता कहां खो गए।

मंदिर मस्जिद भगवान के
हर दरबार भटके हम
मांगा जो रब से मिला नहीं।
भटके थे मंदिर मस्जिद
जिस मन्नत के लिए
वह पिता के दरबार में आकर पूरी हुई
फिर कैसे कोई पिता को
रब का दर्जा ना दे।।

मां ने 9 महीने कोख में पाला
हमें जन्म दिया
लेकिन पिता ने हमें जिंदगी दी
और जीवन भर पाला।

पिता जीवन भर कमाते हैं,
फिर भी भूखे रहकर हमें खिलाते हैं।
हमें क्या चाहिए सब पिता से कहते हैं
आपको क्या चाहिए?
ना जाने पिता से पूछना
क्यों भूल जाते हैं?

एक दिन भूले भटके पूछ लिया पिता से
आपको जीवन में क्या चाहिए?
मांगा ना कुछ खुद के लिए
बस बेटा तेरी खुशी चाहिए
यह कहकर पिता ने फिर
खुदा का दर्जा पा लिया।

**अंजली राणा**
**बी.ए. द्वितीय वर्ष**

# मजदूर

पूछ रहा है हर मजदूर
मैं मजबूर हूं इसीलिए मजदूर हूं
या फिर मजदूर हूं इसलिए मजबूर हूं।

बड़ी–बड़ी इमारतें बनाता है वह
जिस के पास खुद का घर नहीं
सर ढकने के लिए
सड़कें बनाता है वह जिसके
पास चलाने को गाड़ी नहीं।

सिलता है जो डिजाइनर कपड़े बह
दर्जी खुद फटे कपड़ों में रह जाता है।
खिलाता है हमें जो भर पेट बह

किसान कई कई दिनों तक
भूखा रह जाता है।।

बारिश से बचने के लिए
छाता बनाता है।
जो खुद बारिश में भीगता है
कांटों से बचने के लिए जूते बनाता है।
जो खुद नंगे पांव चलता है
खुद कष्टों में रहता है मजदूर
जो हमारे जीवन को सरल बनाता है।।

पूछ रहा है हर मजदूर
मैं मजबूर हूं इसीलिए मजदूर हूं
या मजदूर हूं इसलिए मजबूर हूं



# तलाश

चल पड़े जहां में अपनें किरदार की
तलाश में, तलाश में अपने किरदार की
हमने झांका है
हर घर, हर गली, हर शहर।

सुनकर जहां भर की बातें
छोड़ अपना किरदार
दुनिया के किरदारों को
अपनाने चले हम

हर शहर में नया किरदार अपनाया हमने
हर किरदार को अपना मान कर
निभाया हमने

औरत बन कभी मां बेटी
तो कभी पत्नी का किरदार निभाया हमने

पुरुष बन कभी पिता पुत्र
तो कभी पति का किरदार निभाया हमने

औरत बन, मैं ही मां बेटी और पत्नी का
किरदार निभा सकती हूं
पुरुष बन, मैं ही पिता पुत्र
और पति का
किरदार निभा सकता हूं

तलाश में अपने किरदार की हमने
खुद में कई क़िरदार पाए हैं।

'मैं', हम की प्राप्ति हो सकती है।
यह इन किरदारों की तलाश में पाया है
हमने।



# लेखन

खामोश रहकर भी सब कुछ
कह देता है लेखन
बेजुबानों की जुबान बन जाता है लेखन।

लिखने वाले की कला का सम्मान,
पढ़ने वाले की भावना का मान है लेखन।

कुछ मायुस हो कर लिखा था
कुछ लफ्जों में खुशी झलकी थी।।
कुछ अनकही दासता कहीं लिखी मिली।

इतिहास के कुछ पन्ने जले कुछ
गीता, वेद, उपनिषद लिखे मिले।

कुछ गुलामी के हिस्से मिले
कुछ लिखे आजादी के किस्से मिले।
कुछ पर पूरी किताबे लिखी मिली
कुछ पन्नो में सिमटे मिले।

गर्व हो जिस पर ऐसी हड़प्पा
और वैदिक सभ्यता मिली
शर्मिंदा होना पड़े जिस पर सती प्रथा,
बाल विवाह,
पर्दा प्रथा जैसी कुप्रथा लिखी मिली।

कई महान पुरुषों के नाम लिखे मिले
महिलाओं के नाम कहीं गुम नाम मिले।।

कहीं अनेकता में एकता के किस्से मिले
कहीं भारत के पाकिस्तान
और पश्चिम बंगाल
के रूप में हिस्से मिले।

**अंजली राणा**
**बी.ए. द्वितीय वर्ष**



## स्वप्न

उसका आगमन, मिली चेतावनी,

चिल्लाना मत, बह जाएगा
वह बैठा है,  दबाना मत,
बनावटी ही रह जाएगा
आधा मिले स्वीकार हैं

न बनावट इसका आधार है
बहुमूल्य रत्नों से भी अपार है
यह कौन सा विचार है

आज कुछ न मिला

सवेरे समेट न पाए
यह कौन सा उजाला
यह कितने मार्ग दिखाएं

जो न पाया
क्या यह उसकी माया ?
यह मंजिल का पहला सोपान
जो दे रहा एक धीमी मुस्कान।

**भानु प्रिया**
**बी.ए. द्वितीय वर्ष**

## ये पल

ये पल यूं ही गुजर जायेगा वक्त कहां हमारे लिए ठहरेगा।

लम्हों में ठहरे इन पलों में दूरियों का पल कैसे समाएगा।

प्यार के खातिर नया तोहफा खरीदना उसी प्यार को दोस्तों मे कॉलेज के नाम पर कैंटीन जाना रोज नया बहाना देकर क्लास न लगाना कहां से लॉऊँ ये पल
ये पल।

**यशिर ठाकुर,**
**बी.ए. द्वितीय वर्ष**

## पिता



एक ऐसी उम्मीद है पिता,
एक ऐसी रोशनी है पिता,
एक ऐसी आशा है पिता,
एक ऐसा साया है पिता,
स्वयं पीड़ा में रहकर,
सदा अपने परिवार के लिए
चिंतित रहता है पिता,
आकाश में चमकने वाले तारों में,
वह रंगीला तारा है पिता,
बाहर से अपने में खुशी के रंग भरकर,
हमेशा हँसता रहता है पिता,
अपने परिवार की खुशी के लिए,
हमेशा अपनी इच्छाओं को
दबाता रहता है पिता,
बेटियों का प्यारा होता है पिता,
माँ का दुलारा होता है पिता,
अपनी पत्नी का
जीवनसाथी होता है पिता,
अपनी जिम्मेवारियों को
बखूबी निभाता है पिता,
कठिनाईयों से भरी परिस्थितियों में,
लड़ना सिखाता है पिता,
दुनिया का सबसे महान पुरूष है पिता,
क्योंकि हर एक व्यक्ति को
प्यारा होता है पिता।

**रितिका**
**बी.ए. द्वितीय वर्ष**

## माँ

हर मुसीबत में, अंधेरे में,
उजाले में, साथ देती है माँ,
हर सुख–दुख में साथ देती है माँ,
माँ है एक ऐसा फरिश्ता,
जिससे चाहकर भी
ढूँढ नहीं सकता हमारा रिश्ता,
धूप में, छाँव में साथ देती है माँ,
जब कोई न हो साथ,
तब साथ होती है माँ,
दिल से बड़ी कोमल होती है माँ,
किसी को कष्ट में देखकर,
पिघल जाती है माँ,
अपने दुःखों को छुपाकर हमेशा,
दुसरों के सुखों में लगी रहती है माँ,
गलतियों पर भी डाँटती है माँ,
अच्छे कार्यों पर हौंसला देती है माँ,
न जाने किन–किन
परिस्थितियों से गुजरती है माँ,
अपने बच्चों को शिखर की
चोटियों पर ले जाती है माँ,
इस संसार में सबसे महान है माँ,
क्योंकि हर एक
सफल व्यक्ति को जन्म देती है माँ।

**रितिका**
**बी.ए. द्वितीय वर्ष**



## सब्र

समय पूर्व नहीं खिलते,
खिलते फूल बसंत में,
सब्र का फल अवश्य मिलता हैं अंत में।
दुख ही हैं सब्र की परीक्षा,
सब्र ही हैं अनंत ज्ञान की दीक्षा,
सब्र रखना ही हैं सबसे उत्तम शिक्षा,
सब्र रहित जीवन मात्र भिक्षा।।

जब भी हम भोजन बनाते हैं,

पूर्णता बनने से पूर्व नहीं खाते हैं,
सब्र छोड़कर हम
लक्ष्य से दूर रह जाते हैं।

दुनिया के अनंत शोर से,
जहां बुराई हैं घनघोर रे

सब्र को अपना कर मंजिल ले,
दिन आएंगे बस आनंद के।

**कुलजीत कुमार**
**बी.ए. प्रथम वर्ष**

# I sit under the tree

Keeping my problems and chores away from my mind
It feels very free
Among the cold wind and the sunny weather
The gentle sound of the river
Calms my mind and makes me more open
In the lap of nature
I want to live here forever
But I know it can't happen
Yet these memories will always remain in my heart
And perhaps my soul shall wander here forever.

***Hemant, BA II year***

## देवभूमि हिमाचल

हिम के आंचल की हैं छाया,
शुष्क, खुशहाल पाई तूने काया।
तुझ में बसी हिमाच्छादित श्रृंखलाएं,
देवबन संचित क्यों ना कहलाए।
मन भावे रे मेरा, नूरपुर से रिकांगपिओ,
नाहन से किलाड़ देखकर,
निर्मल हो जाती आंखें,
तुझ में बसे पहाड़ देखकर।
ग्रामीण इलाकों की बहार तुझ में,
कुछ बड़े बसे शहर भी है,
शीतल मन भावन चले समीर,
नदियों मीठी का कहर भी है।
बरसात में भूस्खलन,
नदी नाले भर जाते हैं,
चंद मुसीबत क्या पड़े,
स्वयं देव बचाने आते हैं।
किसी से ना अदाबत तेरी,
लघु श्रेष्ठ कहाबत तेरी,
कहीं बहती नदिया बारहमासी,
कहीं ढके पहाड़ अकेले हैं।
दशहरा, शिवरात्रि मिंजर लवी
तेरे प्रसिद्ध त्योहार हैं,
भारत भूमि का तू अमूल्य श्रृंगार हैं।

**कुलजीत कुमार,**
**बी.ए. प्रथम वर्ष**

# My Loved one

Protective like God
Supportive like a good spirit
Caring like a father
And loving like a mother
He knows about my silence
He treats me like a new-born baby
Whenever I am sad, he makes me smile
He is hardworking while I'm a little lazy
What would happen if he left me?
I never think about that because,
God chose him for me
And God's plans are always the best.

***Monika, BA II year***

# You or Me?

The first time I dreamt of you,
You seemed too gentle,
yet unkind.
The more you smiled,
the more it hurt.
What is it that hurts in me?
Is it you or is it me?
I don't know where else you are
But for my mind.
If I will ever see you –
You, will I ever find?

I am powerless to
not think of you,
And it hurts.
What is it that hurts in me?
Is it you or is it me?
In me you are so far away.
In my hazy clarity
You are a thought I can't see,
can't touch.
Yet in my transient,
foolish dreams,
Each time you glance at me,
Pierces me
Killing me softly.

And with pain in my chest,
I smile
At you, my beautiful imagination!
It's perhaps neither your fault
nor mine.
Then,
what is it that hurts in me?
Is it you?
Or is it just me?

***Yamuna, BA I year***

## Teachers

Teachers are important
As they change lives,
Inspire dreams
And support learners
Teachers are nation-builders
Who guide us,
Encourage us,
As role models for all of us.
Teachers are important
As they light the path
Guide our youth
Teaching the lessons of truth
They banish fears
By guiding children
They are helpful and supportive
Giving us knowledge from their experience
Of years and years.

***Ritika Thakur, BA II year***

## Why not a girl?

People pray for a boy
Not for a girl.
People desire a boy
Not a girl.
They seek blessings for males
But not for females.
People love to have a boy
Not a girl.
But when people need wealth,
They pray to Lakshmi, a Goddess.
When they need courage
They pray to Goddess Durga
When they need knowledge
They pray to Goddess Saraswati
Now tell me
Why do people hesitate
To have a Devi in their own family?

***Bhuvaneshwari, BA I year***

## Everyone can make me happy

Everyone can make me happy,
Neither healthy, nor wealthy.
Neither sea nor an isle
I feel happy seeing my family smile.
I like to make friendly relations
Some are serious, some are crazy
Neither any game nor any toy
My pet makes me happy,
Shouting with joy.
Neither movies, nor parties,
I feel happy going on adventures
With my buddies
I never rant like the greedy,
But I like to help the needy
So live life freely
Let's make others happy

***Ramesh, BA II year***

## If there is a God

If there is a God,
Where is He?
If He is so perfect,
Why are all His creations
so flawed?
If He knows everything,
Why must we inform Him of all our needs and problems?
If He can hear and speak,
Why doesn't he warn us?
If He has written our fate,
Why are we so insecure about our future?
If He can see us,
Why doesn't He meet us?
Some say that He is everywhere.
Then, why are there so many temples for Him?
And if He really exists in everything,
Then, where is He?

***Radhika, BA I year***

## Our English Teacher

Leena Vaidya, our English teacher
Bold, attractive and a tall woman
With knowledge and grace,
she lights up the room
Guiding us through literature,
She opens our minds
To new perspectives.
Her blue car shines,
Catching everyone's eye.
As she gracefully passes by
With elegance and style
She arrives each day
Bringing knowledge
and wisdom
Along the way
Her strictness
May seem tough
But it's a way to help us
Grow and develop
Our personality.
In her class, we learn,
we grow, we thrive
With her guidance,
Our skills come alive
We are grateful to you,
Our English teacher.

***Simran Sood, BA II year***

## Heavy Deluge

The day was the 9th of July, 2023
There was a deluge
I was all alone at home
No electricity, no water
Sitting in the balcony
Counting landslides
Everyone was terrified
Fear in their eyes
The surroundings echoed with God's name
As everyone prayed for mercy.

***Simran Sood, BA II year***

# हितोपदेशास्य वचनानि

**1.** उद्यमेन हि सिद्वयन्ति कार्यणि न मनोरथैः।

न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः।।

व्यक्ति के मेहनत करने से ही उसके काम पूरे होते है, सिर्फ इच्छा करने से उसके काम पूरे नहीं होते। जैसे सोए हुए शेर के मुंह में हिरण स्वयं नहीं आता उसके लिए शेर को परिश्रम करना पड़ता है।

**2**. अनादशे विलम्बद्ध वै मुख्यम निष्ठुर वचनम।

पश्चातापश्च। पञ्चापि दानस्य दूषणानि च।।

अपमान करके देना, मुंह फेर कर देना, देरी से देना, कठोर वचन बोलकर देना और देने के बाद पछचाताप होना। ये सभी क्रियाएं दान को दूषित कर देती है।

**3**. प्रदोषे दीपकः चन्द्रः प्रभाते दीपकः रविः।

त्रैलोक्ये दीपकः धर्मः, सुपुत्रः कुलदीपकः।।

संध्या काल में चन्द्रमा दीपक है, प्रभात काल में सूर्य दीपक है, तीनों लोकों में धर्म दीपक है और एक सुपुत्र कूल का दीपक है।

**4**. विद्या ददाति विनयं, विनयाद्याति पात्रताम्।



पात्रत्वाद्धनमाप्नोति, धनाद्धर्मः, ततः सुखम्।।

विद्या से विनम्रता की प्राप्ति होती है, विनम्रता के आने से योग्यता आती है। योग्यता के द्वारा ही धन की प्राप्ति होती है, धन से धर्म की प्राप्ति होती है, उसके पश्चात् सुख प्राप्त हो जाता है।

**5**. विद्या शस्त्रस्य शास्त्रस्य, द्वे विद्ये प्रतिपत्तये।

आद्या हास्याय वृद्धत्वे, द्वितीयाद्रियते सदा।।

विद्या दो प्रकार की होती है एक तो शस्त्र विद्या और दूसरी शास्त्र विद्या, दोनों से ही प्रतिष्ठा की प्राप्ति होती है। जो शस्त्र विद्या है वो वृद्धा अवस्था में हंसी उड़वाती है किंतु दूसरी शास्त्र विद्या सदैव आदर को प्राप्त कराती है। अर्थात हमेशा ही साथ देती है।

श्रीनारायण पंडित कृत।

**हिमा देवी,**
**बी.ए. प्रथम वर्ष।**

# म्हारी शिवरात्रि

बडे बाजे–गूजे, करनाली, नरशिंगे , गुर–पज़ेरे, देओ–देवते चली मनाउदे मंडी शिवरात्रि बड़े प्यारे।
उआरा–पारा हुने देऊआ देवी रे मेले,
सभी रे दा दर्द करने तया दूर भाले।
सभी देऊलू पऊनी नाटी ऊआरा पारा ,
संघा लांघि दीनी देऊए भी खनाईती री धारा।
जलेबा बे देऊआ छजणू–छमाहूं चलता सभी का आगे,
पूरे जिले रे देओ देबते पीछे चलणे लागे।
साते धियाड़ी दीणी मण्डयाले बिदा सभी बै,
देउआ भी दिणा पठैथ त्या बै।
रहे सभे खुशी दिले,
होली ता अगली मिले।

**कल्पना**
**कला स्नातका री चिउथी साला**

# उड़दी चिड़ी

उड़दी चिड़ी माएं केतरी बिता भाली
वेश्ती मेरे खोड़ा री ड़ाली
स हासती चिड़ी
भाली नाई माएं कदू भी लेरदी
स खेलदी चिड़ी
भाली नाई माएं कदू भी धरणी वेश्ती
कोई री नाई तेसा पड़ी
स आपणी दुनियां में मग्न बड़ी
खासे धेड़े बाद ,
स आज़ माएं भाली
बेश्ती मेरे खोड़ा री डाली
उड़दी चिड़ी आज़ फाठी बड़ी
उड़दी चिड़ी एवा सऊंथी होई
उड़दी चिड़ी गैश एवा जिमेबारियां पड़ी।

**भानु प्रिया**
**कला स्नातका री दुज्झी साला**

# जानकू रा काम

बुबिए ता हाका लाई छैके जानकुए खोले आई
तैया दुई थी कामा वे नाना
स्कूल हाउ तेबा एक बहाना ।
जानकू बड़ी चलाका री रये
तेसके साथी डर्र–भये
होछी उमरा घरा आले सिखाऊ
नाई पढ़ली ता पारले वेणे शोटी डाहु ।
तैआ दूई ता नाठी फिरदे मूका नैरा हटी
जानकू फिरी काली बुबी ता होई भाली ।
जानकु लागी डर आज रहना जंगला उआर
फागणी दाई री शुणि हाक
जानकु री खाखी नाई रहू बाक।
फागणी मुइँ पौर–परार
लागा शूणदी जंगला उआर
दशा जानकु री बड़ी खराब
बुबि नाई दीना कोई जबाब ।
जानकु री ता धरण वेशी
तेसा लागा एवा नाउ केसी
जानकु री बुबी ता बड़ी खुश होई
तेस्की फागणी ज़ फिरी आई ।
बूबी रे आशू ता फराफर लाई
शोरी तेसरी थी बापस आयी
सच्चाई भूली तेसा फागणी–फागणी थी लाई ।
नेड पूजी, कोई होरे थी भाई
तायें ता यारे हम्मे दुहे थी डरियाई
बूबी पचियारी थी डाही लेरदी लाई ।

**भानुप्रिया**
**कला स्नातका री दुज्झी साला।**

# देव भूमि

दियो देवी रा करा सम्मान
देव भूमि आदा शोभला नाम

दियो देवी में थी भरोसा
एवा लागा लोका में उड़दा विश्वास सारा
एवा कलियुगा में हुंदा लागा पाप
खत्म हूंणी दुनिया सारी
दियो देवी रा करा सम्मान
देव भूमि आदा शोभला नाम

दियो देवी रे नाम पर करना लाऊ पाप
शरीफ पशु लाई मारने हूणा मारा बुरा हाल
पेड़ पौधे लाई करी बचणी मारी जान
दियो देवी रा करा सम्मान
देव भूमि आदा शोभला नाम

आज काला दुनिया होई बेईमान
न कोरी होछे संगे प्यार
न कोरी बड़े रा सम्मान
दियो देवी रा करा सम्मान
देव भूमि आदा शोभला नाम

राम जन्मे भेटा दूध
कृष्ण जन्मे भेटा घीऊ
कलियुगा में भेटी शराब
माणुए करी सारे बर्बाद
दियो देवी रा करा समान
देव भूमि आदा शोभला नाम

**दिनेश कुमार**
**पढ़दा –कला स्नातका री दुज्झी साला।**

# संई म्हारा राज़ा

मँझा समुदरा, निखता फुलू,
तेता कं निखता, महादेव मधूडू।

तखा कं समी, आउआ रई डुआरे,
तखा कं समी, आउआ संगले संसारे।

संई म्हारे चकी, चपला झोली,
न छाडू खशिया, न छाडू कोली।

पहिला जे खारका कुणिए दिना?
पहिला जे खारका श्री राम दिना।

क्या लागी कंणका? क्या लागा घिया?
खारे लागी कंणका, मण लागा घिया।

तखा कं समी, पूज्ज़ काऊ ममेल,
क्या लागी कंणका ? क्या लागा तेला?
खारे लागी कंणका, मण लागा तेला।

तखा कं समी, बूणा रे गुआले,
माटे रे बाबरु, गोबरा रे बड़े।

तू नाचे संमिया, कपू री धूरा,
तू नाचे संमिया कपूरी धूरा।

हाथ पाई संमिए, सूने री षोठी,
संई म्हारा बेठा, आपणी कोठी ।

**कल्पना**
**पढ़दा –कला स्नातका री चिउथी साला।**

# दादू पोची री अनोखी गप्पा

एकी धियाड़ी पता के होऊ,
दादू लागे आपणी पोची वे बोलदे तेवा,
हे! पोचीऐ– खाणा पीणा आपणी मर्जी
रा वानणा हेरे होरी री पसंदा रा।
दादू बोलू कि तमे आज़–काला री पोची
भी नाईं रही एवा हाथा ढाकणे वे , घरा
का भेजणी पोची पढ़दी पर तेत हुंदा तमे
घूमदी–फिरदी।
जेबा बोलू पोची वे आज आणे बाजारा
का घरा वे समान लई, तेवा खुलदा पोची
री जुबान कि दादुआ माँह नाईं लागदा
समाना लइने रा टेम।
हां नाईं हुंदी घूमदी बाजारे पुरी धियाड़।
जेवा भालणी पोची री फैशना रा फेरा,
तेवा नाईं फेरा तेवा औलाद
जेडी अंडानी, अंबानी री।
जेवा बोलु पोची वे कि
घरे खटा काम थोड़ा जिया,
तेवा बोलदा पोची हमे बीमार,
हमारे नाईं केरधा काम ।
तेवा बोलदा दादू– हे पोचीऐ ! थोड़ा
शूणा आपणे आमा–बापू रा काम, नाई
ता हुना पोचिओ थारा जिऊणा हराम ।

**वंदना वर्मा**
**पढ़दा–कला स्नातका री चिउथी साला।**



## जिंदगी

क्या है जिंदगी?
जिंदगी एक सफर है
जो कभी भी खत्म हो सकता है।
जिंदगी एक सपना है
जो कभी भी टूट सकता है!

**जिंदगी** का सपना किसी के लिए बुरा है, तो किसी के लिए खूबसूरत होता है। जिंदगी में ऐसे लोगों को जोड़ना, जो बुरा वक्त आने पर आपकी परछाई और सही वक्त आने पर आपका आईना बन सके। क्योंकि आईना कभी झूठ नहीं बोलना और परछाई कभी साथ नहीं छोड़ती। जैसे–जैसे बढ़ती रही, जिंदगी का सफर हर शाम की तरह ढलता रहा। जिंदगी के सफर में एक ऐसा मोड़ आया। जहां कुछ अपनों ने साथ दिया, तो कुछ अपनों ने पीछा छुड़वाया। जिंदगी का हर एक नया सवेरा अपने साथ सुख–दुःख लाया। जिसे जिंदगी में आगे बढ़ाने के लिए उनको पीछे छोड़ आया। जिंदगी के सफर में केवल तीन मोड का आना। आज बचपन, कल जवानी, परसों बुढ़ापा, उसे अगले दिन सबको है चले जाना। जिंदगी के सफर में बुरा वक्त आने पर परेशान ना होना क्योंकि बुरा वक्त के खत्म होने पर हमेशा अच्छा वक्त जरूर आएगा! इस सफर मे अकेले आए थे, और अकेले जाना है खाली हाथ आए थे और खाली हाथ लौट कर जाना है! जिंदगी में कमाया हुआ, धन दौलत सब यहीं छोड़ कर जाना है...।

**करिश्मा**
**बी.ए. तृतीय वर्ष**

## माँ

**माँ** के बारे में क्या लिखूं मां एक ऐसा शब्द है। जिससे हम सरल शब्दों में लिख नहीं सकते, मैं जब भी अपनी माँ के बारे में सोचती हूं! तो शब्द लिखने से पहले आंखों में आंसू निकल आते हैं! मां मतलब धूप में छांव, मां वह होती है, जो हमें इतना प्यार करती है .. कि कभी – कभी हम उस प्यार को समझ नहीं पाते? मां वह है जिसकी खुशी हमारी हंसी से जिसका दुख हमारे दुख तो मुझे बचपन से आता था पर मुझे हँसना मेरी मां ने सिखाया है! जीवन की सबसे बड़ी मार्गदर्शक होती है। माँ का प्रभाव इतना बड़ा होता है, कि बच्चा सबसे पहला शब्द माँ ही बोलता है। आप सब लोग तो जानते ही होंगे. भगवान जी को भी पृथ्वी पर जन्म लेने के लिए माँ का सहारा लेना पड़ता है। दुनिया में हर प्यार हर संबंध झूठा है, स्वार्थ का है, माँ का जो संबंध है ना, वह अनुपम है। मन तो रब से बढ़कर है माँ तो सबसे बढ़कर है। हमारी माँ से बेहतर हमें और कोई नहीं समझ सकता। हमारा पहला पहला प्यार तो हमारी माँ होती है, जिसने हमें पूरी जिंदगी सिखाया है। घर पहुंचते ही बेशक माँ से कुछ काम ना हो, लेकिन हमारा पहला सवाल यही होता है की माँ कहाँ है?

अंत में इतना ही कहना चाहती हूं, मैंने चलते–फिरते आंखों से अज़ा देखा है मैंने जन्नत तो नहीं देखी लेकिन मां देखी है। माँ एक ऐसा रिश्ता है, जो हमें इस दुनिया में लाता है। इस दुनिया में सबसे बड़ा योद्धा माँ होती है। घर कैसा भी हो माँ के बिना अधूरा लगता है....।

**करिश्मा,**
**बी.ए. तृतीय वर्ष**

## सुंदरता शाटाधार की

**शाटाधार** एक सुंदर स्थान है, जो जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) में तहसील मुख्यालय बाली चौकी से लगभग 30 कि.मी. की दूरी पर एक ऊंची पहाड़ी पर स्थित है। यह एक बहुत ही पवित्र स्थान है, जो देवता शाटीनाग मंदिर और जोगी पत्थर (पाथर) के लिए प्रसिद्ध है। जोगी पत्थर का बहुत ही पवित्र महत्व है। पूरे सिराज से देवता शक्ति (कला) प्राप्त करने के लिए यहां आते हैं। शाटीनाग मंदिर कला उत्कृष्ट है। आधुनिक समय में इस मंदिर को नए संस्करण में बनाया गया और जून 2017 में इस मंदिर का निर्माण कार्य पूरा किया गया। इसका उद्घाटन 5 जून 2017 को तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री राजा वीरभद्र सिंह द्वारा किया गया था। आधुनिक समय में प्रदेश भर से लोग इस क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और देवता शाटीनाग का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। यह स्थान प्राकृतिक सौंदर्य और मानसिक शांति का स्त्रोत है, देवता शाटीनाग को लेकर यह भी मान्यता है कि देवता अनेक बीमारियों का निवारण करते हैं, जिनमें से



पीलिया ( जॉन्डिस ) एक प्रमुख बीमारी है। यहां का दृश्य बेहद खूबसूरत है जो पर्यटकों का मन मोह लेता है। आधुनिक समय में यह पर्यटन रुचि का लोकप्रिय स्थल भी बनता जा रहा है।

**निशा ठाकुर, बी.ए. तृतीय वर्ष**

# जिंदगी की समस्याएं

**जिंदगी** में समस्याएं ना चाय में जमी हुई मलाई की तरह होती हैं जो उस चाय को पी जाए बही एक निडर व्यक्ति हैं। अब व्यक्ति रोएगा थोड़ी ना, की चाय में मलाई आ गई, अब क्या करू। पी और अलग कर मलाई को। उसमे क्या हैं जिंदगी हैं तो समस्याएं आएगी अगर जिंदगी नहीं रहे तो समस्याएं खत्म हो जाएगी। जब भी जिंदगी में समस्या या मुसीबत आती हैं तो वह मनुष्य में परिवर्तन अवश्य लाती हैं। मनुष्य को बस मुसीबतों से लड़ना आना चाहिए। जब किसी व्यक्ति पर कोई समस्या आ जाए तो अक्सर व्यक्ति धैर्य से काम नहीं लेता अर्थात अपना धैर्य खो बैठता हैं अपने दिमाग से काम नहीं लेता इसीलिए हमें मुसीबत में धैर्य नहीं खोना चाहिए और दिमाग से काम लेना चाहिए। साधारणतय ऐसे मौके पर हम उत्तेजित हो जाते हैं और सही निर्णय नहीं कर पाते।

जिस तरह भगवान श्री राम जी को भी अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ा। यहां तक कि भगवान श्री राम जी को चौदह वर्षो का बनवास, सीता माता का अपहरण, युद्ध इत्यादि। क्या क्या तक नहीं किया भगवान श्री राम ने भी समुद्र पार करने की समस्या आई परंतु श्री राम ने अपना धैर्य नहीं खोया और समस्या का सामना किया, अंत में रावण को भी मार दिया। यहां हमे प्रेरणा मिलती हैं की जिस प्रकार श्री राम के समक्ष अनेकों समस्याएं आई परंतु श्री राम ने अपना धैर्य नहीं खोया और श्रीराम ने दिमाग से काम लिया। उसी प्रकार हमारे सामने भी भले ही कितनी बड़ी मुसीबत आ जाए हमे हिम्मत से काम लेना चाहिए। एक बार की बात हैं की एक गांव में भयानक बारिश होने लगी।

लोगों के खेत बह गए और कुछ लोगो के तो घर भी बह गए। एक गांव में कामेश नाम का आदमी था। जिसका उस भयानक बारिश में घर बहाने ही वाला था अगर देर हो जाती तो। उसके परिवार वालो ने अपना धैर्य खो ही लिया था परंतु कामेश ने अपना धैर्य ना खोकर अपने घर के पास गया और नालिया खोदने लगा, ताकि उस पानी से घर को नुकसान न आए जैसे ही उसने नालियां खोदी तो जो पानी उसके घर की ओर जा रहा था नाली के जरिये बाहर निकल गया जिस कारण उसका उस भयानक बारिश में घर बच गया। हमे यहां से प्रेरणा मिलती हैं की हमे कितनी भी भयानक परस्थितियों में हमे हिम्मत ना हारकर कामेश की तरह धैर्य से काम लेना चाहिए!

**संदीप कुमार,**
**बी.ए. प्रथम वर्ष**

---

# हिमाचली मेहमान

**एक** बार एक परिवार के घर में एक मेहमान आता है। मेहमान ऐसा था कि जब एक बार किसी के घर में जाता था तो वहां से वापिस जाने का नाम ही नहीं लेता था, यहां भी वह ऐसा ही करता है। एक दिन बीत जाता है, हफ्ता या सप्ताह बीत जाता है, दो हफ्ते बीत जाते हैं, पर मेहमान जाने का नाम ही नहीं लेता है। बातें तो ऐसी करता था, जैसे घर का मालिक हो। नखरे भी हजार करता था कि आज मुझे ये बना के दो, वो बना के दो, मुझे चाय बना के दो, सुबह सुबह हलवा बना के दो। उसकी फरमाइशों को पूरा करते करते घर वाले बहुत दुखी हो जाते हैं और कहते हैं पूरा महीना खत्म होने वाला है पर ये मेहमान जाने का नाम तक नहीं ले रहा है।

घर वालों ने सोचा कि अब तो हमें ही कुछ करना पड़ेगा। वह एक योजना बनाते है कि हम दोनों पति पत्नी आपस में लड़ाई कर लेते हैं तब तो वो मेहमान शर्म से चला जाएगा। दोनों ज़ोर ज़ोर से लड़ते हैं, पति अपनी पत्नी को मारता है। साथ ही पत्नी भी अपने पति को डंडे से मारती है। दोनों को लड़ता हुआ देख कर मेहमान सोचता है कि अब तो यहां से जाना ही ठीक रहेगा, यहां तो डंडे भी पड़ रहे हैं। वह अपना सामान उठाता है और चला जाता है। उसको जाता हुआ देखकर पति पत्नी बहुत खुश हो जाते हैं। फिर पति अपनी पत्नी से कहता है कि तू तो पूरी नखरे वाली है, मैं तो तुझे मज़ाक में मार रहा था तू तो ऐसे मार रही थी जैसे मैं तुझे सच में मार रहा था। फिर पत्नी कहती है कि मैं भी तो मज़ाक में ही मार रही थी मुझे कहीं भी नहीं लगी। मैं तो ऐसे ही एक्टिंग कर रही थी।

उतने में वह मेहमान भी कहीं से भाग के वापिस आ जाता है और बोलता है कि मैं भी तो यहीं था, मैं भी कौन सा कहीं गया था, मैं भी एक्टिंग कर रहा था।

**कंगना वशिष्ट**
**वी. ए. द्वितीय वर्ष**

## चरवाहे की कहानी



**यह** कहानी एक ऐसे चरवाहे के बारे में जिसके ऊपर से पिता का साया बचपन में ही उठ गया था। वे मुझे एक दिन अपने बचपन का एक किस्सा सुनाते है। वे तब प्रथम कक्षा में पढ़ते थे। उस समय प्रथम कक्षा में बड़ी आयु के बच्चों को दाखिल किया जाता था। बच्चों को उस समय सरकार बच्चों को दोपहर के भोजन मैं पाउडर दूध देती थी। कुछ बच्चे स्टोर रूम में खिड़की से घुस कर पाउडर दूध चुराते थे। अध्यापक उन्हें मुर्गा बनाते थे।

कक्षा में अन्य बच्चों ने उनका (चरवाहे) का नाम दादू कथाकार रखा था। क्यूँकि उन्हें कहानियाँ सुनाने का बड़ा शौक़ था। बच्चे उनके चारों ओर कहानी सुनने के लिए ऐसे इकट्ठे हो जाते थे। जैसे चीटियां मिठाई के चारों ओर इकठ्ठा हो जाती है। उनकी माँ मजदूरी कर उन्हें पढ़ाती थी। दादू कथाकार बिल्कुल भी पढ़ाई नहीं करते थे एक बार अध्यापक ने उनके सामने एक शर्त रखी। यदि वह मेरे खिलौने नामक कविता याद करेंगे तो उसे पांच दिन का अवकाश दिया जाएगा।

दादू कथाकार यह सुनकर बहुत खुश हुए। अगले दिन दादू कथाकार ने कविता अच्छे से याद कर लायी। और अध्यापक को बिना रुके सुना दी। अध्यापक ने दादू कथाकार को मुख्याध्यापक से पांच दिन का अवकाश दिलाया। उस समय दादू कथाकार को घर भेज दिया दादू कथाकार खुश थे। उन्हें गाँव के दोस्तों के साथ पांच दिन खेलने को मिलेंगे। उनका खेल थे कंचे, लुका छुपी, टीन को बजाना लेकिन दादू कथाकार आज बहुत पछताते हैं। कहते हैं काश उस समय मैं पढा होता तो आज मैं भी आराम की जिंदगी जी रहा होता।

**यशपाल**
**बी.ए. द्वितीय वर्ष**

# World of Imagination and Dreams

One may not be a very creative person but everyone can imagine and dream. Imagination and dreams provide an escape from reality. We may often imagine about the things which we have seen in movies, comics or elsewhere. It's like a window into a different world where the ordinary becomes extraordinary and the impossible becomes possible. It's like living in your fantasy where you are the creator and destroyer of things. In my world of imagination, sometimes I find myself in a mystical world of dwarves, wizards and magicians where I am the most powerful being of all, defying laws of nature as well as humans who are opposed to me. Sometimes, I prefer living in this world which is full of mysteries, adventure and thrill just like Jumanji's world.



There are different creatures, cannibal tribes, animals as well as prehistoric plants in this world of mine, where I am the main character along with several friends by my side. In my world, my existence alone is enough for everyone to obey me. And in this world, I can experience inexplicable things, travel to different dimensions, observe all kinds of beauty and phenomena, and experience every possible emotion that a human being can feel.

***Rohan Prakash,***
***BA I year***

# समाज में महिलाओं की स्थिति



**हमारे** समाज में महिलाओं की आजादी और आत्मनिर्भरता को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। जिसमें महिलाओं को सदैव दूसरों पर निर्भर दिखाया जाता है, क्या हमने कभी उनकी निर्भरता के पीछे के कारणों को समझने की कोशिश की है।

